डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 16.11.2020 से 22.11.2020 ▶ वर्ष-37 ▶ अंक-46 ▶ मूल्य ₹10.00

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश

जनसहभागिता और मॉनीटरिंग का नया ढांचा बनाया जायेगा - मुख्यमंत्री

विकास का नया परिवेश गढ़ेगा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश रोडमैप-2023 का विमोचन करते हुये।

भोपाल, विकास में जनसहभागिता और मॉनीटरिंग की व्यवस्था का नया ढांचा खड़ा किया जायेगा। ग्राम, जनपद और जिला स्तर पर दीनदयाल समितियां गठित कर जनसहभागिता और मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जायेगी। आधुनिक टेक्नोलॉजी का हर क्षेत्र में व्यापक उपयोग कर विकास कार्यों में पारदर्शिता बढ़ायी जायेगी। खेती में आधुनिक ढंग से उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाकर खेती को लाभ का धंधा बनाया जायेगा। किसानों को पी.एम. सम्मान निधि और मुख्यमंत्री सम्मान निधि के रूप में हर साल कुल 10 हजार रुपये की सम्मान निधि दी जायेगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के विकास का रोडमैप-2023 को जारी करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत की रणनीति पर आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का रोडमैप जारी करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप में अधोसंरचना विकास, स्वास्थ्य एवं शिक्षा, अर्थव्यवस्था एवं रोज़गार और सुशासन पर स्पष्ट रणनीति तैयार की गई है। इस रोडमैप के आधार पर मंत्री अपने विभागों की योजना तैयार कर क्रियान्वित करेंगे। मंत्री एवं प्रशासन के हर स्तर पर जिम्मेदारी तय की जायेगी और उसकी प्रत्येक स्तर पर सख्त मॉनीटरिंग होगी।

प्रधानमंत्री हमारे प्रेरक

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हमारे प्रेरक हैं। उनसे सदैव उत्साह और ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने कोरोना की चुनौती को अवसर में बदलने का आह्वान कर आत्मनिर्भर भारत के लिए सभी राज्यों से सहयोग की अपील की थी। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश आवश्यक है। इसके लिए किए गए प्रयास प्रदेश की जनता के सामने इस रोडमैप के रूप में रखे जा रहे हैं, क्योंकि मध्यप्रदेश की जनता मेरी आराध्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में आर्थिक संकट से लोगों को उबारना एक चुनौती थी। हमने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक राशि पहुंचाई। इन परिस्थितियों में मध्यप्रदेश का रोडमैप प्रस्तुत करना भी एक विशेष कार्य था, जिसे अपनी चाह से हमने पूरा किया। अब रोडमैप को लागू करने के लिए निरंतर कार्य होगा।

मध्यप्रदेश को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बने इसके लिए आर्थिक गतिविधियों को और बढ़ावा देंगे। सड़कों के निर्माण के साथ ही अधोसंरचना संबंधी सभी कार्य और नर्मदा जल सहित पानी की एक-एक बूंद का उपयोग करते हुए कृषि क्षेत्र को भी लाभकारी व्यवसाय बनाने पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। थर्मल पावर के साथ ही सौर ऊर्जा का अधिकतम उपयोग होगा। ओंकारेश्वर जलाशय में सोलर पैनल बिछाएंगे। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालयों तक विद्यार्थियों को बसों से लाने की व्यवस्था होगी। पढ़ाई से कोई वंचित नहीं रहेगा। लघु जल संरचनाओं का जाल बिछाया जाएगा। जहां पूर्व में 7 लाख हेक्टेयर से 31 लाख हेक्टेयर तक सिंचाई क्षेत्र बढ़ाया गया था, उसे 60 लाख तक पहुंचाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान उत्पादक संगठन एक आंदोलन के रूप में विस्तार प्राप्त करेंगे।

लोकल को वोकल बनाने का ध्येय

मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश में रोज़गार के माध्यम से अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना एक प्रमुख कार्य रहेगा। लोकल को वोकल बनाने का ध्येय है। स्थानीय उत्पाद को बिक्री से जोड़ा जाएगा। महिला सशक्तिकरण भी स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री को प्रोत्साहन देते हुए बढ़ेगा। ग्रामीण महिलाओं के कौशल को निखार कर उनके व्यवसाय को लाभकारी बनाया जाएगा। इसी तरह सांस्कृतिक गतिविधियों से रोज़गार वृद्धि के प्रयास होंगे। छोटे व्यापारियों को तकलीफ न हो, बड़े व्यापारी यदि बेईमानी करते हों, वे सावधान हो जाएं, क्योंकि आम लोगों को परेशानी में डालने वाले छोड़े नहीं जाएंगे। अपराधी तत्व कुचल दिए जाएंगे।

सहभागिता और सकारात्मक सोच आवश्यक

श्री चौहान ने प्रदेशवासियों से आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश गढ़ने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि विकास में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। इसके साथ ही सकारात्मक सोच का भी महत्व है। हम सभी सकारात्मक होकर प्रदेश के विकास में भागीदारी करें। एक जिद, जुनून और जज़्बे के साथ सभी प्रदेश की प्रगति के लिए कार्य करें। हमारा मध्यप्रदेश गान भी इसी भाव का परिचायक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग ने प्रदेश के रोडमैप के निर्माण में सहयोग किया है। लोक सेवा प्रबंधन विभाग रोडमैप क्रियान्वयन में समवन्य करेगा। अन्य सभी विभाग सक्रिय भागीदारी करेंगे। दीनदयाल समितियों के माध्यम से भी समन्वय स्थापित किया जाएगा।

रोडमैप में है विकास का विजन

कार्यक्रम में सांसद श्री वी.डी. शर्मा ने कहा कि रोडमैप-2023 के विमोचन अवसर का यह कार्यक्रम अभिनव है, क्योंकि इसमें प्रदेश के विकास के विजन को सामने रखते हुए ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर्स को लाभान्वित करने का महत्वपूर्ण कल्याणकारी यज्ञ भी पूरा हो रहा है। इस रोडमैप में एक विजन के दर्शन होते हैं। ये विकास का विजन है। श्री चौहान विकास के प्रति अत्यंत गंभीर और निरंतर कार्य करने वाले मुख्यमंत्री हैं।

मध्यप्रदेश ने कोरोना से निपटते हुए रोडमैप भी बना लिया

नीति आयोग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अमिताभ कांत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विशिष्ट अतिथि के रूप में भागीदारी करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत की रणनीति के अनुरूप मध्यप्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है, जिसने विभिन्न विषय-विशेषज्ञों से परामर्श कर आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का रोडमैप तैयार किया है। इस रोडमैप को प्रदेशवासियों के सामने रखा गया है। जब सभी राज्य सिर्फ कोरोना से ही लड़ रहे थे, तब मध्यप्रदेश ने कोरोना से लोगों के बचाव के लिए अच्छे प्रबंध करते हुए प्रदेश के आर्थिक विकास के लिए यह रोडमैप तैयार करने का महत्वपूर्ण कार्य किया जो निश्चित ही प्रशंसनीय है।

मध्यप्रदेश मेरा मंदिर और यहां की जनता मेरे लिए भगवान - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं मध्यप्रदेश की जनता का आभार व्यक्त करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश मेरा मंदिर है। यहां की जनता मेरे लिए भगवान के समान है। मैं इस मंदिर का पुजारी हूं। मुझे जनता का आशीर्वाद मिला है, मैं प्रदेश के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। राज्य सरकार हर क्षेत्र में तेजी से कार्य करेगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पर विधानसभा उप निर्वाचन के परिणामों के पश्चात बधाई देने आए आगंतुकों से चर्चा करते हुये कहीं। श्री चौहान ने कहा कि नागरिकों का पूरा सहयोग प्राप्त कर प्रदेश की प्रगति के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के विकास के लिए भी तेजी से प्रयास होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा उप निर्वाचन में नागरिकों ने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और लोक हितैषी कार्यक्रमों के प्रति विश्वास व्यक्त किया है।

श्री चौहान ने निष्पक्ष और निर्विघ्न निर्वाचन संपन्न होने पर समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को भी बधाई दी। उन्होंने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों सहित जिलों के पुलिस अधीक्षक, प्रशासनिक अमले और निर्वाचन दायित्व में संलग्न किए गए प्रत्येक शासकीय सेवक के परिश्रम भाव की सराहना की है।

मध्यप्रदेश विधानसभा उपचुनाव में जीते हुये प्रत्याशियों की जानकारी इस प्रकार है -

क्र.	विधानसभा क्षेत्र	विजयी प्रत्याशी	दल
1.	सुमावली	श्री अजब सिंह कुशवाहा	इंडियन नेशनल कांग्रेस
2.	मुरैना	श्री राकेश मवई	इंडियन नेशनल कांग्रेस
3.	दिमनी	श्री रविन्द्र सिंह तोमर	इंडियन नेशनल कांग्रेस
4.	अंबाह	श्री कमलेश जाटव	भारतीय जनता पार्टी
5.	मेहगांव	श्री ओ.पी.एस. भदौरिया	भारतीय जनता पार्टी
6.	गोहद	श्री मेवाराम जाटव	इंडियन नेशनल कांग्रेस
7.	ग्वालियर	श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर	भारतीय जनता पार्टी
8.	ग्वालियर पूर्व	डॉ. सतीष सिकरवार	इंडियन नेशनल कांग्रेस
9.	डबरा	श्री सुरेश राजे	इंडियन नेशनल कांग्रेस
10.	भांडेर	सुश्री रक्षा संतराम सरोनिया	भारतीय जनता पार्टी
11.	करेरा	श्री प्रागीलाल जाटव	इंडियन नेशनल कांग्रेस
12.	पोहरी	श्री सुरेश धाकड़ राठखेड़ा	भारतीय जनता पार्टी
13.	बमोरी	श्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया	भारतीय जनता पार्टी
14.	अशोकनगर	श्री जजपाल सिंह 'जज्जी'	भारतीय जनता पार्टी
15.	मुंगावली	श्री बृजेन्द्र सिंह यादव	भारतीय जनता पार्टी
16.	सुरखी	श्री गोविन्द सिंह राजपूत	भारतीय जनता पार्टी
17.	मलहरा	कुंवर प्रद्युम्न सिंह लोधी	भारतीय जनता पार्टी
18.	अनूपपुर	श्री बिसाहूलाल सिंह	भारतीय जनता पार्टी
19.	सांची	डॉ. प्रभुराम चौधरी	भारतीय जनता पार्टी
20.	ब्यावरा	श्री रामचंद्र दांगी	इंडियन नेशनल कांग्रेस
21.	आगर	श्री विपिन वानखेड़े	इंडियन नेशनल कांग्रेस
22.	हाटपिपलिया	श्री मनोज नारायण सिंह चौधरी	भारतीय जनता पार्टी
23.	मंधाता	श्री नारायण सिंह पटेल	भारतीय जनता पार्टी
24.	नेपानगर	सुश्री सुमित्रा देवी कास्डेकर	भारतीय जनता पार्टी
25.	बदनावर	श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव	भारतीय जनता पार्टी
26.	सांवेर	श्री तुलसीराम सिलावट	भारतीय जनता पार्टी
27.	सुवासरा	श्री डंग हरदीप सिंह	भारतीय जनता पार्टी
28.	जौरा	श्री सुबेदार सिंह राजौधा	भारतीय जनता पार्टी

पी.एम. स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश भारत में अग्रणी

भोपाल, सरकार छोटा-छोटा व्यवसाय करने वाले पथ व्यवसायियों को उनके काम-धंधे के लिए बिना गारंटी बिना ब्याज का ऋण दिलवा रही है। इच्छुक पथ व्यवसायी इसके लिए आवेदन करें, उन्हें 10 हजार रुपये का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में शहरी एवं ग्रामीण पथ व्यवसायी (स्ट्रीट वेंडर्स) ऋण योजना की समीक्षा करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि पी.एम. स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में अव्वल है, परन्तु हमें यहीं नहीं रुकना है, हमें प्रदेश में हर पात्र पथ व्यवसायी को योजना का लाभ देना है।

मध्यप्रदेश देश में आगे

श्री चौहान ने कहा कि पी.एम. स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश पूरे देश में अग्रणी है। पी.एम. स्वनिधि पोर्टल पर प्रदेश के 3.28 लाख स्ट्रीट वेंडर्स के आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं, जिनमें से 2 लाख बैंकों द्वारा स्वीकृत कर दिए गए हैं तथा 1.37 लाख स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण की राशि का वितरण भी किया जा चुका है। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वीकृत 63 हजार प्रकरणों में ऋण वितरण शीघ्र किया जाए।

ऋण के इच्छुक स्ट्रीट वेंडर्स आगे आएं

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी स्ट्रीट वेंडर्स (पथ पर व्यापार करने वाले) से कहा है कि जो भी अपने काम-धंधे के लिए स्ट्रीट वेंडर्स योजना में 10 हजार रुपये का बिना गारंटी बिना ब्याज का ऋण चाहते हैं वे तुरंत आवेदन करें। सभी पात्र स्ट्रीट वेंडर्स को बैंकों द्वारा ऋण दिया जाएगा। प्रदेश में कुल स्ट्रीट वेंडर्स की संख्या लगभग 5 लाख है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

7 नवम्बर

आईआईटी खड़गपुर में भारतीय ज्ञान प्रणाली के लिये स्थापित होगा उत्कृष्टता केंद्र

●केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान

(आईआईटी) खड़गपुर में भारतीय ज्ञान प्रणाली के लिये एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की घोषणा की। श्री निशंक ने आईआईटी खड़गपुर द्वारा आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार में कहा कि आईआईटी खड़गपुर ने भारतीय ज्ञान प्रणाली की विभिन्न शाखाओं में लगातार काम किया है। संस्थान ने भारत की भावना और वर्तमान समय में इसके समक्ष चुनौतियों का आत्मनिरीक्षण करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि भारत के विविध लोगों के लिये शैक्षिक प्रक्रिया आसान बनाने और भारत की समृद्ध शैक्षिक विरासत से आकर्षित करने के लिये मातृभाषा में शिक्षा देने तथा संस्कृत भाषा के संरक्षण की दिशा में काम किया जाना चाहिये।

●केंद्र सरकार ने पूर्व सैनिकों/पारिवारिक पेंशनधारियों के लिये वन रैंक वन पेंशन योजना के तहत बकाया पेंशन राशि जारी की है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वन रैंक पेंशन के तहत 20 लाख 60 हजार 220 पूर्व सैनिकों/पारिवारिक पेंशनधारियों को 10 हजार 795.4 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई। मंत्रालय ने बताया कि वार्षिक आवर्ती व्यय लगभग 7 हजार 123.38 करोड़ रुपये है और एक जुलाई 2014 से शुरू होकर लगभग छह साल के लिये है। वन रैंक वन पेंशन योजना के तहत अब तक कुल 42 हजार 740.28 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

●कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने कोरोनाकाल में पेंशनधारियों को बड़ी राहत देते हुये पेंशन नियमों में बदलाव किया है। अब ईपीएफओ के पेंशनधारक सालभर के अंदर कभी भी जीवित होने का प्रमाण दे सकेंगे। इससे पहले पेंशनधारकों के लिये नवम्बर से जनवरी माह के बीच जीवित होने का प्रमाण-पत्र देना अनिवार्य होता था। ईपीएफओ ने कहा कि अब यदि दिसम्बर या जनवरी में कोई भी पेंशनधारक जीवित होने का प्रमाण-पत्र देता है, तो उसे पिछली तारीख से एक साल के लिये मान्य किया जायेगा।

8 नवम्बर

सैनिक स्कूलों में दाखिले के लिये होगी अब एक प्रवेश परीक्षा

●देशभर में स्थित 33 सैनिक स्कूलों में छठवीं तथा नौवीं कक्षा में दाखिल के लिये अब एक ऑल इंडिया सैनिक स्कूल एंट्रेंस एग्जाम आयोजित होगा। इस परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को सौंपी गई है। यह परीक्षा 10 जनवरी 2021 को आयोजित होगी। एनटीए ने इस संबंध में विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है। प्रवेश परीक्षा के लिये रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 19 नवम्बर 2020 निर्धारित की गई है। यह प्रवेश परीक्षा देशभर के 23 राज्यों तथा एक केंद्र शासित प्रदेश में आयोजित होगी। इससे पहले सभी 33 सैनिक स्कूल अलग-अलग परीक्षा आयोजित कर अपनी मेरिट लिस्ट जारी कर दाखिला करते थे। अब एक ही प्रवेश परीक्षा आयोजित कर उसकी मेरिट लिस्ट जारी कर बच्चों का दाखिला किया जायेगा।

●मध्य अमेरिकी देश ग्वाटेमाला में ऊष्ण कटिबंधीय चक्रवात 'इटा' ने जमकर तबाही मचाई है। इटा तूफान के बाद तेज बारिश और हवाओं के कारण कई जगह भूस्खलन की घटनाएं हुईं। इन घटनाओं के कारण 150 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई। ग्वाटेमाला में बचाव दल ने कीचड़ और मलबे में सैकड़ों लोगों के दबे होने की आशंका भी जताई है।

●विश्व के लोकप्रिय सोशल मैसेजिंग एप वॉट्सएप ने एंड्रॉयड और आईओएस यूजर्स के लिये अपने प्लेटफॉर्म पर डिसएपियरिंग मैसेजेस टूल लॉन्च किया है। इस टूल के जरिये सात दिनों के अंदर सभी मैसेज अपने आप डिलीट हो जायेंगे। इसके अलावा वॉट्सएप ने स्टोरेज मैनेजमेंट टूल भी लॉन्च किया है। इस टूल के जरिये स्टोरेज की समस्या दूर हो जायेगी। इस टूल के जरिये यूजर्स अब आसानी से उन फाइलों की पहचान कर सकते हैं, जो ज्यादा स्पेस लेती हैं। इससे उन्हें डिलीट करना आसान होगा।

9 नवम्बर

जनता के लिये खुला देश का सबसे लंबा सस्पेंशन पुल डोबरा-चांठी

●उत्तराखंड के टिहरी जिले में बना देश का सबसे लंबा सस्पेंशन पुल डोबरा-चांठी

जनता के लिये खोल दिया गया है। इस पुल के शुरू होने से टिहरी जिले के प्रतापनगर क्षेत्र की लगभग ढाई लाख आबादी को लाभ मिलेगा। इस ब्रिज की लंबाई 725 मीटर तथा ऊंचाई 850 मीटर है। इस ब्रिज पर 15 टन वजन क्षमता तक के वाहन गुजर सकते हैं। इस पुल का लोकार्पण उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री त्रिवेंद्र रावत ने किया। श्री रावत ने कहा कि इस पुल के बनने से डोबरा क्षेत्र नये पर्यटन स्थल के रूप में आकार लेगा।

●कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआई) ने अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना के नियमों में विस्तार किया है। योजना के तहत अब ऐसे लोग जिन्होंने ऑनलाइन दावा प्रस्तुत किया है और आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार और बैंक विवरण की स्कैन प्रतिलिपि अपलोड की है, उन्हें प्रत्यक्ष दावा प्रस्तुत करने की जरूरत नहीं होगी। इसके अलावा यदि दावेदार ने दावे के समय दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड नहीं किये हैं, तो दावेदार अपेक्षित दस्तावेज का प्रिंट आउट प्रस्तुत कर सकता है। निगम ने शपथ-पत्र में दावा प्रस्तुत करने की शर्त को भी हटा दिया है। निगम ने यह फैसला कोरोना महामारी के कारण आ रही दिक्कतों के कारण लिया है।

●केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री श्री मुख्तार अब्बास नकवी ने हज-2021 की घोषणा की है। इसके साथ ही हज-2021 के लिये ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। श्री नकवी ने कहा कि कोरोना महामारी को देखते हुये हज-2021 में राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय प्रोटोकॉल तथा गाइडलाइंस का पूरी तरह पालन किया जायेगा। हज-2021 के लिये आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 दिसम्बर-2020 है। हज-2021 के लिये आवेदन ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों माध्यमों से होंगे।

10 नवम्बर

फाइजर की कोरोना वैक्सीन नब्बे प्रतिशत है कारगर

●अमेरिका की दवा कंपनी फाइजर और जर्मनी की फर्म बायोएनटेक ने दावा किया है कि उनकी बनाई कोरोना वैक्सीन कोरोना महामारी के इलाज में 90 प्रतिशत से अधिक कारगर है। इन कंपनियों का कहना है कि यह वैक्सीन उन लोगों के इलाज में भी कारगर साबित हुई है, जिनमें कोरोना के लक्षण पहले से दिखाई नहीं दे रहे थे। फाइजर के चेयरमैन डॉ. अल्बर्ट बौरेला ने कहा कि उनकी वैक्सीन ट्रायल के दौरान 94 संक्रमितों में से 90 प्रतिशत मरीजों पर कारगर रही है।

●संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से एतिहासिक समझौते के बाद 26 वर्ष में पहली बार इजराइल का विमान दुबई पहुंचा। इजराइल के तेल अवीव से उड़ान भरने के बाद विमान लगभग तीन घंटे की उड़ान के बाद दुबई पहुंचा। इस विमान के सभी यात्री पर्यटक थे। उल्लेखनीय है कि सितम्बर 2020 में अमेरिका की पहल पर इजराइल, यूएई और बहरीन के बीच शांति बहाली के लिये अब्राहम समझौता हुआ था। इसी समझौते के तहत दोनों देशों के बीच संबंध बहाली की प्रक्रिया चल रही है।

11 नवम्बर

अजरबैजान ने आर्मेनिया में रूसी हेलिकॉप्टर मार गिराया

●अजरबैजान ने आर्मेनिया से लगी अपनी सीमा के पास एक रूसी हेलिकॉप्टर को

मार गिराया। इस हेलिकॉप्टर में सवार दो क्रू मेंबर की मौत हो गई। इस हादसे के बाद अजरबैजान ने रूस से माफी मांगी है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि अजरबैजान ने एमआई-24 हेलिकॉप्टर को पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम से निशाना बनाया। हमले के समय यह हेलिकॉप्टर आर्मेनिया में स्थित रूस के 102वीं मिलिट्री बेस की सुरक्षा में तैनात था। रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अजरबैजान ने अपने कृत्य के लिये माफी मांगी है। उसका इरादा रूसी हेलिकॉप्टर को निशाना बनाना नहीं था। यह हेलिकॉप्टर रात के अंधेरे में सीमावर्ती क्षेत्र में उड़ान भर रहा था।

●अमेरिका ने चीन के विरुद्ध आक्रामक कदम उठाते हुये चीन के चार अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। अमेरिका ने यह कदम हांगकांग में अधिकारों के दमन के मुद्दे पर उठाया है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि इन चारों अधिकारियों की अमेरिका यात्रा और किसी भी तरह की सम्पत्ति हासिल करने पर रोक लगाई गई है। इन अधिकारियों को हांगकांग में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून को लागू कराने में उनकी भूमिका के लिये प्रतिबंधित किया है। उल्लेखनीय है कि चीन में हांगकांग के दमन का मुद्दा बढ़ता जा रहा है। हांगकांग के 19 लोकतंत्र समर्थक सांसदों ने कहा कि अगर चीन उन्हें अयोग्य करार देता है, तो परिषदों में बड़ी संख्या में इस्तीफे दिये जायेंगे।

●भारतीय रेलवे ने अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली के कार्यान्वयन का कार्य रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को सौंपा है। यह प्रणाली अस्पताल प्रशासन और रोगी स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिये भारतभर में सभी 125 स्वास्थ्य सुविधाओं और 650 पॉलीक्लिनिक्स के लिये एक एकीकृत क्लिनिकी सूचना प्रणाली उपलब्ध करायेगी। भारतीय रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार यादव ने कहा कि हम सभी क्षेत्रों में डिजिटलीकरण कर रहे हैं और लगातार बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं। अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली प्लेटफॉर्म यूनिक मेडिकल आइडेंटिटी सिस्टम से जुड़ा होगा।

12 नवम्बर

केंद्र सरकार ने कैपिटल गुड्स सेक्टर के विकास के लिये समिति की गठित

●केंद्र सरकार ने कैपिटल्स गुड्स सेक्टर के विकास के लिये 22 सदस्यीय अंतर-मंत्रालयीन समिति का गठन किया है। समिति की जानकारी देते हुये भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि इस समिति के जरिये भारतीय अर्थव्यवस्था को पांच लाख करोड़ डॉलर और विनिर्माण क्षेत्र को एक लाख करोड़ डॉलर का बनाने के लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस समिति के माध्यम से हम भारतीय कैपिटल गुड्स क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना सकेंगे। इससे भारत विश्व का मेन्युफैक्चरिंग हब बनेगा।

●हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक चार सांसदों को अयोग्य करार देने के खिलाफ जन आक्रोश बढ़ने लगा है। इन सांसदों के पक्ष में लोकतंत्र समर्थक विभिन्न निकायों के सदस्यों ने सामूहिक इस्तीफे देने की घोषणा की है। चीन के समर्थन वाली हांगकांग सरकार द्वारा चार सांसदों को चीन की संप्रभुता स्वीकार नहीं करने तथा राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पहुंचाने के आरोप में हटाया गया है। हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक गुट के संयोजक वु-ची-वाई ने कहा कि हमारे साथियों को सरकार ने निर्ममता से अयोग्य करार दिया है।

●कोरोना महामारी से जूझ रहे फिलीपींस में वामको तूफान ने दस्तक दी है। फिलीपींस के पूर्वी तटीय इलाकों में वामको के कारण तेज बारिश के साथ तेज हवाएं चलीं। इन हवाओं की रफ्तार 155 किलोमीटर प्रतिघंटा आंकी गई है। तूफान की तीव्रता को देखते हुये स्थानीय प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। उल्लेखनीय है कि फिलीपींस में पिछले महीने गोनी तूफान ने कहर बरपाया था। इस तूफान के चलते फिलीपींस में 25 लोगों की मृत्यु हुई थी।

13 नवम्बर

बैंककर्मियों के वेतन में होगी 15 प्रतिशत की वृद्धि

●देश में बैंककर्मियों के वेतन में इजाफा होगा। बैंक यूनियन एवं इंडियन बैंकिंग एसोसिएशन (आईबीए) के बीच बैंककर्मियों के वेतन को लेकर चल रही वार्ता पूरी हो गई है। इससे देश के बैंकों में कार्यरत लगभग 8.5 लाख कर्मियों के वेतन में 15 प्रतिशत की वृद्धि होगी। आईबीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनील मेहता ने बताया कि आईबीए बैंक यूनियनों और संघों के साथ द्विपक्षीय वेतन समझौते किये हैं। यह वृद्धि एक नवम्बर 2017 से लागू होगी और पांच वर्ष तक के लिये मान्य होगी।

●अमेरिका ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ हथियारों के सौदे को मंजूरी दी

है। इस सौदे के तहत अमेरिका अपने स्टेट ऑफ आर्ट माने जाने वाले स्टील्थ लड़ाकू विमान एफ-35 और एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को यूएई को बेचेगा। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने बताया कि इस सौदे की कीमत 23 बिलियन डॉलर (लगभग 1 लाख 73 हजार करोड़ रुपये) है। इस सौदे के तहत अमेरिका यूएई को कई उन्नत हथियार प्रणालियों को सौंपेगा। पोम्पियो ने कहा कि यूएई को ईरान से खतरा है, इसलिये हम यूएई को हथियार देकर शक्तिशाली बना रहे हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

PEOPLE'S UNIVERSITY
(Established by M.P. Act No. 18 of 2011 & approved u/s 2 (f) of UGC act 1956)
PEOPLE'S COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES & RC
Recognized by the Paramedical Council of Madhya Pradesh,
Director of Medical Education and Higher Education Department
ADMISSION OPEN 2020-21

MPT	Masters of Physiotherapy - (Ortho'/ Neuro'/ Cardio' & Sports) 2 yrs PG Degree Program, Eligibility : BPT	
BPT	Bachelor of Physiotherapy*	4½ yrs Degree Course
BMLT	Bachelor of Medical Lab Technology*	3 yrs Degree Course
DMLT	Diploma in Medical Lab Technology*	2 yrs Diploma Course
DDT	Diploma in Dialysis Technology*	2 yrs Diploma Course

*Eligibility : 12th with Physics, Chemistry & Biology

Attached with People's Teaching Hospital 950 bedded (ISO 9001:2015) || Training facilities such as dissection/demonstration hall, Anatomy Museum OPD/IPD postings, community/ field visit etc. || Separate hostel facility || Scholarship facility available. || Medical camps, Health & Nutritional awareness Camp. etc. Institutional NSS & NCC Activities. || Educational Visits and Student's Tour.

Ph. 0755-4005295, M. 98262 44676
People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.) 462037
E-mail: pcps.pu2017@gmail.com
R-44662/2020

वर्ष 37, अंक 46 16.11.2020 से 22.11.2020
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (रु. पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011,
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

राष्ट्रीय शिक्षा नीति

राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थी की प्रगति और प्रवृत्ति के अनुसार गढ़ने का अवसर है। शिक्षकों को शिक्षणकाल में छात्र-छात्राओं में उत्साह, अनुशासन और अनुभव के गुणों का समावेश कर उनको आत्मनिर्भर बनाने की चुनौती को स्वीकारना होगा। यह वात मध्यप्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीवेन पटेल ने कही। श्रीमती पटेल आईईएस विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वेविनार को संवोधित कर रही थीं। इस अवसर पर श्रीमती पटेल ने कहा कि देश के उज्ज्वल भविष्य के सपनों को साकार करने की दिशा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक बड़ा कदम है। नीति नवाचारी और दूरगामी उद्देश्य की प्राप्ति के लिये शिक्षा व्यवस्था में बड़े परिवर्तनों के लिये आउट ऑफ वक्र्स सोच के साथ कार्य करने की कोशिश है, जिसमें संस्कृति, जीवन मूल्यों के संरक्षण और जड़ों से जुड़े रहने की मजबूत संकल्प शक्ति है। इसमें शिक्षा व्यवस्था और शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता की उत्कृष्टता पर विशेष बल दिया गया है। इसे लागू करने के लिये उसकी अवधारणा, प्रावधानों और अपेक्षित परिणामों पर व्यापक विचार विमर्श जरूरी है। नीति में दीर्घकालिक दिक्कतों को दूर करने के साथ ही भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के प्रयास किये गये हैं। देश के दो सौ शीर्ष संस्थानों को पूर्व स्वायत्तता, प्रतिस्पर्धा और समकक्ष समीक्षा वाले अनुदान प्रस्तावों को वित्तीय सहायता देने के लिये स्वतंत्र राष्ट्रीय शोध एवं उच्च शिक्षा निगम को बाजार से दीर्घावधि के ऋण जुटाने की अनुमति और विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में स्थायी केंद्र स्थापित करने की इजाजत देने जैसी बहुआयामी पहल हैं। श्रीमती पटेल ने कहा कि शिक्षा नीति के अमलीकरण में विद्यार्थियों की अपेक्षाओं, जरूरतों और देश के गरीब, वंचित, पिछड़े वर्ग और आदिवासी क्षेत्रों में आधुनिक टेक्नोलॉजी की पहुंच, सूचना और ज्ञान के प्रसार की स्थिति को समझना होगा। समय की मांग है कि विश्वविद्यालय इन्फॉर्मेशन सेंटर से ज्ञान के ट्रांसफॉर्मेशन सेंटर बनें। शिक्षक ज्ञान के ट्रासंफॉर्मर बनें। विद्यार्थियों में श्रम की गरिमा, राष्ट्रभक्ति, समाजसेवा, नैतिक पारिवारिक मूल्यों, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और स्वास्थ्य के संस्कार प्रवाहित करें। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तरीके, तेजी से बदलती जरूरतों और समय के हिसाब से विद्यार्थी पढ़ेंगे तभी वे राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभा पायेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यबल में केवल 5 प्रतिशत ही व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त हैं। आगामी पांच वर्षों में इसे 50 प्रतिशत करने के लिये व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा को नये मायने देने होंगे। भारतीय परंपरा में विकसित लोक विद्या को उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ना होगा। लोक विद्या को मुख्य धारा की शिक्षा का अंग बनाया जाये। उसे बराबरी का सम्मान मिले, ताकि बच्चों और युवाओं में कौशल वृद्धि के साथ-साथ श्रम की गरिमा के प्रति सम्मान का भाव भी पैदा हो। शैक्षणिक संस्थाओं का वातावरण ऐसा होना चाहिए, जहां विद्यार्थी को जो चाहिये वह उसे मिल जाये। दुनियाभर की जानकारी, हमारी संस्कृति, परंपरा, जीवन मूल्यों के ज्ञान और संस्कार के साथ विद्यार्थी शिक्षा केंद्र से बाहर जाये। राज्यपाल ने कहा कि उच्चतर शिक्षा प्रणाली में ऐसी व्यवस्था को बढ़ाना होगा, जिसमें होनहार लोगों का चयन हो, उनकी आजीविका, मान-मर्यादा और स्वायत्तता सुनिश्चित रहे। शिक्षण पाठ्यक्रम ऐसा हो, जो विद्यार्थियों में अन्वेषण, समाधान, तार्किकता और रचनात्मकता विकसित करे। छात्र-छात्राओं में आवश्यकता के अनुरूप दक्षता और नई सोच पैदा करे। भारत सरकार द्वारा घोषित राष्ट्रीय शिक्षा नीति में ऐसे उपाय किये गये हैं, जिससे देश के सभी विद्यार्थियों का भला हो सके और देश के विद्यार्थियों को आने वाले दिनों में वेहतर शिक्षा मिले।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

वायुमण्डल- सूखी हवा विद्युत का सशक्त विरोध करती है। जव हवा जलवाष्प से भरी होती है तो यह एक सरल चालक वन जाती है। फिर भी वज्रपात को हवा में तेजी से निकलने के लिये वहुत अधिक शक्ति की जरूरत पड़ती है। विद्युत का यह अत्यधिक विसर्जन (वज्रपात के) मार्ग के चारों ओर की वायु को गर्म कर देता है। जिससे तापमान हजारों सेल्सियस तक तापदीप्त हो जाता है। इसी तापदीप्त वायु को हम तड़ित दमक के रूप में देखते हैं। ताप में अचानक हवा फैल जाती है जो ताप के समाप्त होने पर फिर शीघ्रता से संकुचित होती है। इस अचानक फैलाव और संकुचन से मेघ गर्जना उत्पन्न होती है। यह गर्जना हमारे कानों के लिये परिचित है। यद्यपि दोनों घटनाएं एक साथ घटित होती हैं फिर भी हम दमक को पहले देखते हैं, क्योंकि ध्वनि की तुलना में प्रकाश कहीं अधिक तीव्र गति से चलता है।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व मधुमेह दिवस 14 नवम्बर

मधुमेह से बचाव के लिये जरूरी है जागरूकता और समय पर जांच

राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

अंतर्राष्ट्रीय मधुमेह महासंघ (इंटरनेशनल डायविटीज फेडरेशन) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन) ने वर्ष 1991 में विश्व मधुमेह दिवस की शुरुआत की थी। विश्व मधुमेह दिवस को वर्ष 2006 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा मधुमेह पर एक प्रस्ताव पारित करने के वाद अपनाया गया था। पहला विश्व मधुमेह दिवस 14 नवंवर 2007 को मनाया गया था। यह दिन प्रतिवर्ष समारोहपूर्वक मनाया जाता है। इस वर्ष कोरोना संक्रमण से वचाव के अनुशासन के कारण सेमीनार के स्थान पर वेविनार जैसे वैकल्पिक आयोजन अधिक हुये और इनमें मधुमेह पर नियंत्रण पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। दोनों ही प्रमुख स्वास्थ्य संगठनों ने वैश्विक स्तर पर मधुमेह के समापन के लिये जागरूकता को सवसे अहम तत्व माना है और यह भी तय किया है कि डायविटीज को लेकर जो भी जागरूकता अभियान चलाया जाये उसमें इस वात का विशेष ध्यान रखा जाये कि एक निश्चित अंतराल में इस रोग की जांच जरूर करवायें। विना डॉक्टर की सलाह लिए किसी भी दवा का सेवन न करें और जो परहेज चिकित्सक द्वारा सुझाये जाएं उनको लेकर कोई लापरवाही न वरतें। मधुमेह के रोगियों को व्यायाम और योग नियमित रूप से करते रहना चाहिए और सुवह टहलने जाने और भरपूर नींद लेने की आदत भी विकसित करनी होगी। इन उपायों से हम मधुमेह से वचे रहने में सफलता पा सकते हैं। इस विश्व मधुमेह दिवस पर कई संगठनों ने जागरूकता का ही संदेश दिया है।

वैश्विक स्तर पर मधुमेह की समाप्ति के लिये जीवन शैली में बदलाव जरूरी

मधुमेह के वारे में सवसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि भारत सहित समूचे विश्व में यह वीमारी युवाओं के साथ-साथ शहरी आवादी को अधिक हो रही है और हमारा लक्ष्य शहरों में मधुमेह को लेकर वड़े पैमाने पर जागरूकता वढ़ाने का है और हमें इस रोग से वचाव के लिये लोगों को अपनी जीवनशैली वदलने के लिए प्रेरित करना होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी इलाकों की तुलना में मधुमेह के मामले इसलिए कम मिलते हैं, क्योंकि वे आज भी परिश्रम वाला जीवन जीते हैं। इसके विपरीत शहरी जीवन ने आदमी के शारीरिक श्रम की संभावनाओं को वेहद कम कर दिया है। शहरी जीवन में लोग खानपान के मामले में भी वेहद लापरवाह होते जा रहे हैं। हमारे खाने में तली हुई चीजों और प्रसंस्करित डिव्वावंद खाद्य वस्तुओं की मात्रा वढ़ रही है। जीवनशैली में भी हम चाहे-अनचाहे तमाम तरह के तनाव पाल रहे हैं। इन सव कारणों से शहरी लोगों को मधुमेह होना स्वाभाविक है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसा सोचना गलत है कि मधुमेह का इलाज सिर्फ दवाओं से किया जा सकता है। उनके अनुसार यह जीवनशैली के कारण होने वाला रोग है लिहाजा इसके उपचार में जीवनशैली को ठीक करना वेहद जरूरी है। शहरी क्षेत्रों में मधुमेह की रोकथाम के लिए स्वास्थ्यकर जीवन शैली अपनाने के प्रति वड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। इसके प्रयास सिर्फ सरकार तक सीमित नहीं रहने चाहिए। जनसाधारण को भी इस मामले में जागरूक होना होगा।

इन्सुलिन की खोज करने वाले विज्ञानी की जन्मतिथि पर मनाया जाता है यह दिन

मधुमेह की वीमारी के उपचार की सर्वमान्य दवा इन्सुलिन की खोज वर्ष 1922 में कनाडा के टोरन्टो शहर के चिकित्सा विज्ञानी फ्रेडरिक ग्रांट वैंटिंग तथा उनके साथी विज्ञानी प्रोफेसर ने की थी। इन दोनों चिकित्सा विज्ञानियों को वर्ष 1923 में इस आविष्कार के लिये संयुक्त रूप से चिकित्सा विज्ञान का नोवेल पुरस्कार भी प्रदान किया गया था। फ्रेडरिक ग्रांट वैंटिंग का जन्म 14 नवम्वर को हुआ था। इस ऐतिहासिक आविष्कार और उसका आविष्कार करने वाले की जन्मतिथि को अक्षुण्ण वनाये रखने के लिए इन्टरनेशनल डायविटीज फेडरेशन द्वारा 14 नवम्वर को पिछले दो दशकों से प्रति वर्ष - 'विश्व डायविटीज दिवस' मनाया जाता है। यह दिन डायविटीज की खतरनाक दस्तक से सामान्यजन को सतर्क करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

चिंता का सबब बना हुआ है युवाओं में बढ़ता मधुमेह रोग

पिछले कुछ दशक से भारत अपनी युवा आवादी के वूते पर विश्व की एक प्रमुख आर्थिक शक्ति वनने की दिशा में सचेष्ट है। इस एक लक्ष्य की राह में भारत को जिस एक वड़ी वाधा का सामना करना पड़ रहा है वह वाधा है, युवाओं की एक वड़ी आवादी का मधुमेहग्रस्त होना। विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले समय में देश में मधुमेह रोगियों की संख्या वढ़ना तो चिंता की वात है ही, लेकिन चिंता का असली कारण यह है कि है वढ़ती संख्या में अधिकांश युवा हैं। आवादी का यही हिस्सा अर्थव्यवस्था के लिए सवसे अधिक उत्पादक होता है अतः इससे देश की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर हो रहा है। पश्चिमी देशों में अधिकतर लोगों को उम्र के छठवें दशक में मधुमेह होता है, जवकि भारत में तीस से पैंतालिस वर्ष की आयु में ही इस वीमारी की दर सवसे अधिक है। मधुमेह विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी देशों में जिन लोगों में पहली वार मधुमेह का पता चलता है उनमें साठ से अधिक उम्र वाले लोगों की संख्या सवसे अधिक होती है। इससे यह स्पष्ट होता है कि इन देशों में मधुमेह युवाओं को जो देश की उत्पादक शक्ति हैं कम प्रभावित करता है जवकि भारत में स्थिति एकदम उलट है यहां युवा सवसे ज्यादा मधुमेह के शिकार होते हैं। जिस तरह देश के युवाओं में मधुमेह के मामले वढ़ रहे हैं, उसे देखते हुए आगामी कुछ वर्षों में युवाओं में इसके महामारी के स्तर पर पहुँचने की आशंका है। इसके लिए वेहद जरूरी है कि पैंतीस वर्ष के वाद हर युवा साल में कम से कम एक वार मधुमेह की जांच कराये। भारत सरकार का स्वास्थ्य और युवा मामलों का मंत्रालय इस दिशा में सचेष्ट है।

कोरोना संक्रमण और मधुमेह एक खतरनाक गठजोड़ है

कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण मधुमेह के रोगी ज्यादा जोखिम वाले संवर्ग में आते हैं। मधुमेह (डायविटीज) के मरीजों के शरीर में ब्लड ग्लूकोज पर इस वायरस का गंभीर असर होता है। विडम्वना यह है कि ऐसे मरीज न तो चिकित्सकों से संपर्क कर पा रहे हैं और संक्रमण के डर से न ही अस्पताल जा पा रहे हैं। भारतीय मधुमेह और एंडोक्रिनोलॉजिस्ट संघ के प्रमुख का मानना है कि डायविटीज से कोरोना होने का डर नहीं है, लेकिन अगर किसी को डायविटीज है और वो कोरोना वायरस की चपेट में आ जाता है तो उसके लिए खतरा वढ़ जाता है। डायविटीज के साथ कोविड-19 से मरने वाले मरीजों की संख्या में वढ़ोतरी का एक वड़ा कारण टी सेल्स इम्यूनिटी का खत्म होना है। मधुमेह रोगियों के लिए कोरोना संक्रमण घातक हो रहा है। कोरोना संक्रमित होने पर शुगर अनियंत्रित हो रही है, शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण मरीज वीमारी से लड़ नहीं पा रहे हैं। इससे कोरोना से मरने वालों में अधिकतर मधुमेह रोगी होते हैं। मधुमेह रोगियों की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, ऐसे में इनके कोरोना संक्रमित होने पर कोरोना संक्रमण जानलेवा साविंत हो रहा है। कोरोना संक्रमित मरीजों की सांस फूलने पर जो दवा दी जाती है, इससे शुगर का स्तर अनियंत्रित होने लगता है और शरीर के अन्य अंग प्रभावित होते हैं। साथ ही इलेक्ट्रोलाइट का असंतुलन (सोडियम, पोटेशियम सहित अन्य मिनरल) भी मधुमेह पीड़ित के लिये संकट पैदा करता है और इससे कोरोना वायरस घातक होता जा रहा।

मधुमेह के खतरे को कम करके आंकना एक बड़ी भूल होगी

वैश्विक स्तर पर चार सौ पच्चीस मिलियन यानी वयालिस करोड़ से अधिक आवादी वर्तमान में मधुमेह के साथ जी रही है। इंटरनेशनल डायविटीज फेडरेशन और डायविटीज एटलस के सातवें संस्करण के अनुसार वर्ष 2017 में भारत में सवसे अधिक मधुमेह के मामले कुल लगभग साढ़े ग्यारह करोड़ वताये गये थे। इनमें से अधिकांश मामले टाइप टू डायविटीज के हैं। स्वस्थ जीवन शैली को वढ़ावा देकर इसे नियंत्रित किया जा सकता है। इसी कारण मधुमेह के प्रवंधन और रोकथाम में अव परिवारों की भूमिका ही सवसे अहम् मानी जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में गत वर्ष विश्व मधुमेह दिवस की थीम परिवार और मधुमेह रखी गई थी, जो मधुमेह के नियंत्रण में परिवार की भूमिका के महत्व को दर्शाती है। मधुमेह से पीड़ित प्रत्येक दो मरीज में से एक मरीज यानी पचास फीसदी टाईप टू मधुमेह के साथ रह रहे हैं और उनकी आगे की जटिलताओं को रोकने के लिए प्रारंभिक निदान और उपचार आवश्यक है। सच तो यह है कि मधुमेह को लेकर आज भी अपेक्षित जागरूकता नहीं है। इस वात को इस आंकड़े से ही समझा जा सकता है कि विश्व में कई फीसदी लोगों को पता ही नहीं होता कि उन्हें मधुमेह की वीमारी है। इस तथ्य के मद्देनजर मधुमेह के खतरे को कम करके आंकना एक वड़ी भूल होगी। इस समय विश्व में मधुमेह से मुकावले के लिये जागरूकता और शिक्षण की जरूरत है।

मधुमेह को लेकर सतत विमर्श और गंभीर प्रयास जारी रखे जाने चाहिए

विश्व के चिकित्सा विशेषज्ञ मधुमेह को लेकर सतत विमर्श कर रहे हैं और इस विमर्श का ही यह नतीजा है कि स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना संक्रमण काल में अपने दिशा-निर्देशों के तहत मधुमेह पीड़ित मरीजों जिन्हें कोरोना संक्रमण हुआ तो उनके लिये विशिष्ट और प्रभावी उपचार पद्धति अपनाई और इसका नतीजा यह रहा कि देश में सैंकड़ों ऐसे कोरोना संक्रमित मरीजों को वचा पाना संभव हुआ जो मधुमेह से ग्रस्त थे। इस एक कोशिश से यह स्पष्ट हो गया कि सतत विमर्श फलदायी होते हैं। सच तो यह है अन्य संक्रामक रोगों के समान ही मधुमेह को लेकर भी सतत विमर्श और चिकित्सकीय शोध के गंभीर प्रयास जारी रहने चाहिए।

(फोटो गूगल से साभार)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड कटनी
निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 62/2020-21

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptender.gov.in** पर कटनी जिले के विकासखण्ड विजयराघवगढ़ एवं बड़वारा के विभिन्न ग्रामों में नलजल योजना अंतर्गत आर.सी.सी. ओवर हैडटेंक निर्माण, राईजिंग मैन, पाइप लाइन बिछाने का कार्य, मोटर पंप स्थापना, घर-घर कनेक्शन पंप हाउस स्थापना एवं योजना का 30 दिन ट्रायल रन एवं सफल संचालन एवं संधारण कार्य हेतु निम्नानुसार आमंत्रित है।

निविदा क्रमांक	सिस्टम निविदा क्र.	विकासखण्ड	ग्रामों की संख्या	निविदा की कुल लागत	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
62/20-21	2020_PHED_113551	विजयराघवगढ़ एवं बड़वारा	09	375.91	375910	15000	9 माह	Registered under M.P. PWD New centralized registration Scheme

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि - **01.12.2020** 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - 01.12.2020 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि - 03.12.2020 12.00 बजे
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जी-15433/44658/2020 **परियोजना खण्ड कटनी फोन नं. 07622-225752**

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय आयुक्त
पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण
द्वितीय तल, सतपुड़ा भवन, खण्ड-घ, भोपाल (म.प्र.) 462004
शैक्षणिक सत्र 2020-21 हेतु अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र/छात्राओं के लिये
प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं मेरिट कम मीन्स छात्रवृत्ति योजना

भारत सरकार के माध्यम से संचालित अल्पसंख्यक प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं मेरिट कम मीन्स छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत भारत सरकार के पोर्टल पर विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि को **30 नवम्बर 2020 तक** बढ़ाया गया है।

2. जिन विद्यार्थियों द्वारा छात्रवृत्ति के आवेदन ऑनलाइन अभी तक नहीं भरे गये हैं उनके द्वारा इस अवधि के भीतर अनिवार्य रूप से नियमानुसार एवं पात्रतानुसार भारत सरकार के पोर्टल - **National Scholarship Portal (NSP) URL - www.scholarships.gov.in** पर आवेदन किया जावे।

3. जिन शैक्षणिक संस्थाओं के KYC रजिस्ट्रेशन लंबित हैं उनके द्वारा KYC रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही विभाग के जिला कार्यालय से संपर्क कर सुनिश्चित की जाए। (जिलेवार जिन संस्थाओं द्वारा कार्यवाही नहीं की गई है कि संस्थावार लंबित जानकारी भारत सरकार के **National Scholarship Portal (NSP) URL - www.scholarships.gov.in** पर उपलब्ध है)

4. भारत सरकार द्वारा शैक्षणिक संस्थाओं के लिए विद्यार्थियों के भरे गए ऑनलाइन आवेदनों को अग्रिम चरण हेतु अग्रेषित करने की **अंतिम तिथि 15 दिसम्बर 2020** निर्धारित की गई है। जिन शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा विद्यार्थियों के भरे गये ऑनलाइन आवेदनों को अग्रिम चरण हेतु ऑनलाइन अग्रेषित नहीं किया गया है (जिलेवार जिन संस्थाओं द्वारा कार्यवाही नहीं की गई है कि संस्थावार लंबित जानकारी भारत सरकार के **National Scholarship Portal (NSP) URL - www.scholarships.gov.in** पर उपलब्ध है) उनके द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि के पूर्व तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जावे।

आयुक्त
जी-15438/44659/2020 **पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण, मध्यप्रदेश**

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड खुरई, जिला सागर (म.प्र.)
दूरभाष क्रमांक (07581) 240050, Email - eephedkhurai@gmail.com
निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों की निविदायें ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल पर खुरई, जिला सागर के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन, घरेलु नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन, टंकी निर्माण, सम्पवेल निर्माण एवं अन्य सहायक कार्य हेतु निविदायें निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं :-

स. क्र.	निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास खण्ड	ग्राम का नाम	निविदा की कुल लागत (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
1.	143/ 07.11.2020	2020_PHED_113581_1	खुरई	Nirtala	53.92 Lakh	53920/-	2000/-	06 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली
2.	144/ 07.11.2020	2020_PHED_113582_1	खुरई	Gambhiriya Bujurg	69.73 Lakh	69730/-	10000/-	- तदैव -	- तदैव -
3.	145/ 07.11.2020	2020_PHED_113583_1	खुरई	Majhera	53.90 Lakh	53900/-	10000/-	- तदैव -	- तदैव -
4.	146/ 07.11.2020	2020_PHED_113584_1	खुरई	Karaiya Gujar	78.37 Lakh	78370/-	10000/-	- तदैव -	- तदैव -
5.	147/ 07.11.2020	2020_PHED_113585_1	खुरई	Nardha	53.27 Lakh	53270/-	10000/-	- तदैव -	- तदैव -
6.	148/ 07.11.2020	2020_PHED_113586_1	खुरई	Bagthari Patti	56.64 Lakh	56640/-	10000/-	- तदैव -	- तदैव -
7.	149/ 07.11.2020	2020_PHED_113587_1	खुरई	Satnai	27.92 Lakh	50000/-	5000/-	03 माह वर्षाऋतु सहित	- तदैव -
8.	150/ 07.11.2020	2020_PHED_113588_1	खुरई	Mahunajat	46.23 Lakh	50000/-	5000/-	05 माह वर्षाऋतु सहित	- तदैव -
9.	151/ 07.11.2020	2020_PHED_113589_1	खुरई	Bheelon	47.59 Lakh	50000/-	5000/-	- तदैव -	- तदैव -
10.	152/ 07.11.2020	2020_PHED_113590_1	खुरई	Nagda	39.87 Lakh	50000/-	5000/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	- तदैव -
11.	153/ 07.11.2020	2020_PHED_113591_1	खुरई	Khejrachand	64.66 Lakh	64660/-	10000/-	06 माह वर्षाऋतु सहित	- तदैव -
12.	154/ 07.11.2020	2020_PHED_113592_1	खुरई	Todakachi	67.03 Lakh	67030/-	10000/-	- तदैव -	- तदैव -
13.	155/ 07.11.2020	2020_PHED_113594_1	खुरई	Gwari	56.14 Lakh	56140/-	10000/-	- तदैव -	- तदैव -
14.	156/ 07.11.2020	2020_PHED_113595_1	मालथौन	Kherai	40.88 Lakh	50000/-	5000/-	05 माह वर्षाऋतु सहित	- तदैव -

ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि : **18.11.2020** Upto 17.30
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : 18.11.2020 Upto 17.30
ऑनलाइन निविदा खोलने की तिथि : 20.11.2020
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर ऑनलाइन क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शायी गयी वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
जी-15429/44657/2020 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड खुरई, जिला सागर (म.प्र.)**

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल
ईमेल : ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन : 0755-2767635, फैक्स : 0755-2552406
निविदा सूचना क्रमांक - 755/2020-21/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग **भोपाल, दिनांक 26.09.2020**
निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र संशोधित **दिनांक 24.11.2020 को 17:30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स.क्र	निविदा क्रमांक	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2020_WRD_109328	वीला फीडर नहर की 25 कि.मी. लंबाई की खुदाई से प्राप्त हार्ड रॉक का विक्रय	सागर	136.43

जी-15397/44675/2020 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल
ईमेल : ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन : 0755-2767635, फैक्स : 0755-2552406
निविदा सूचना क्रमांक - 758/2020-21/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग **भोपाल, दिनांक 29.09.2020**
निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र संशोधित **दिनांक 24.11.2020 को 17:30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स.क्र	संशोधित निविदा क्रमांक	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2020_WRD_109865_2	**टर्न की पद्धति पर** :- छीताखुदरी सिंचाई परियोजना अंतर्गत पुनर्वास कॉलोनी का निर्माण कार्य 5 वर्षीय रखरखाव सहित विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	जबलपुर	814.97

जी-15396/44674/2020 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल
ईमेल : ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन : 0755-2767635, फैक्स : 0755-2552406
निविदा सूचना क्रमांक - 754/2020-21/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग **भोपाल, दिनांक 29.09.2020**
निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र संशोधित **दिनांक 24.11.2020 को 17:30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स.क्र	निविदा क्रमांक	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2020_WRD_108855	चकेरीघाट स्टॉपडेम कम काजवे का शेष निर्माण कार्य।	दमोह	405.17

जी-15398/44676/2020 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मऊगंज, जिला रीवा (म.प्र.)
E-Mail - eephemauganjrewa@gmail.com
निविदा सूचना क्र. 09/20-21/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./20 **मऊगंज, दिनांक 09.11.2020**
निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर रीवा जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मऊगंज के अंतर्गत विकासखण्ड त्यौंथर के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ट्यूबवेल पर आधारित उच्चस्तरीय टंकी एवं सम्पवेल, राइजिंग मेन एवं वितरण नलिका रेट्रोफिटेड पाइप जलापूर्ति का निर्माण, निष्पादन, सबमर्सिबल मोटर पंप की स्थापना, विद्युत पावर कनेक्शन, घरेलु नल कनेक्शन एवं मिनी पम्प हाउस का निर्माण कार्य तथा 90 दिवस के ट्रायल रन एवं कमिशनिंग आदि समस्त कार्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं।


भोपाल, आगामी माह में आयोजित होने वाले फाइलेरिया मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन चक्र में दवा सेवक कार्यकर्ता कोविड-19 संवंधित आवश्यक सावधानियों को रखते हुए कार्य करेंगे। यह निर्देश अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण श्री मोहम्मद सुलेमान ने राज्य टेक्निकल एडवायजरी कमेटी, (लिम्फेटिक फाइलेरियासिस) की वैठक में दिए।

प्रदेश में आगामी माह में आयोजित होने वाले फाइलेरिया दिवस- सामूहिक दवा सेवन गतिविधि (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) के संवंध में वैठक में वर्तमान स्थिति और कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। वैठक में वताया गया कि जिलों में चिन्हित विशेष फाइलेरिया प्रभावित ग्राम/वार्ड के सरपंच/पार्षद तथा अन्य विशिष्ट सक्रिय सदस्यों को भी मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के लिए प्रशिक्षण देकर सक्रिय सहयोग प्राप्त किया जायेगा।

इस वर्ष एम.डी.ए. चक्र में दवा सेवक कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर गोलियों की प्रदायगी तथा समक्ष में सेवन कराने के संवंध में विशेष रणनीति अपनाई जा रही है। इस तकनीक को राईस वाउल तकनीक के रूप में अपनाया जायेगा। इस तकनीक में दवा सेवक कार्यकर्ता घर-घर भ्रमण कर कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण के दृष्टिगत नॉन-टच तकनीक द्वारा दवा उपलब्ध कराकर दवा सेवन करवाएगा। दवा सेवक द्वारा घर-घर भ्रमण के दौरान हितग्राहियों के घरों से छोटा पात्र/कटोरी मंगवाकर परस्पर दूरी रखते हुये उसमें गोलियां रखी जायेंगी, जिसे दवा सेवक के समक्ष सेवन करवाएगा। इस तकनीक से दवा सेवक हितग्राहियों से संपर्क कम से कम रखकर कोविड-19 के संक्रमण से वचा जा सकता है। इसके अतिरिक्त दवा सेवक द्वारा कोविड-19 के दृष्टिगत निर्धारित प्रोटोकॉल जैसे मास्क, हैंड ग्लव्स एवं सेनेटाइजर का उपयोग अनिवार्य रूप किया जायेगा। इस सम्बन्ध में जिला/विकासखंड स्तर पर आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा एवं आवश्यकतानुसार आवश्यक सामग्री एवं दवाइयों की व्यवस्था की जायेगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

कोविड-19 के बीच आईटी सेक्टर में बढ़ रहे कॅरियर के अवसर

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

कोविड-19 की चुनौतियों के बीच देश के कम्प्यूटर साइंस और इंफॉर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी (आईटी) सेक्टर में अच्छे कॅरियर का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। कोविड-19 की चुनौतियों के बीच एक ओर जहां भारत का आईटी उद्योग तेजी से आगे बढ़ा है, वहीं दूसरी ओर आउटसोर्सिंग से भारत की विदेशी मुद्रा की कमाई भी बढ़ी है।

बढ़ता कम्प्यूटर कारोबार और रोज़गार

गौरतलब है कि इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन (आईबीईएफ) की रिपोर्ट के

मुताबिक भारतीय आईटी सेक्टर की आय वर्ष 2020 में 7.7 प्रतिशत बढ़कर करीब 191 अरब डॉलर अनुमानित की गई है। यह आय वर्ष 2025 तक बढ़ते हुए 350 अरब डॉलर की ऊँचाई पर पहुँच सकती है। भारत दुनिया में आईटी सेवाओं का सबसे बड़ा निर्यातक देश है। भारत की आईटी फर्म दुनिया के 80 से ज्यादा देशों में काम कर रही है।

भारत का कम्प्यूटर कारोबार दुनिया की संपत्ति

उल्लेखनीय है कि 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के समय खासतौर से तकनीकी कार्यों के लिए भारत से आउटसोर्सिंग में काफी तेजी आई थी। भारत में प्रौद्योगिकी डेवलपरों की पारिश्रमिक अन्य विकसित देशों के मुकाबले कम होने से भी आउटसोर्सिंग को बढ़ावा मिला था। एक बार फिर कोविड-19 की चुनौतियों के बीच भारत का आईटी उद्योग देश ही नहीं, दुनिया की सम्पत्ति के रूप में दिखाई दिया है। भारत के आईटी उद्योग की कोरोना संक्रमण के बीच देश और दुनिया के उद्योग-कारोबार और स्वास्थ्य सेवाओं को गतिशील करने में प्रभावी भूमिका रही है ।

वर्क फ्रॉम होम ने बढ़ाए मौके

वस्तुतः कोविड-19 ने आईटी कंपनियों के लिए नए डिजिटल अवसर



पैदा किए हैं, क्योंकि देश और दुनिया की ज्यादातर कारोबारी गतिविधियां अब ऑनलाइन हो गई हैं। वर्क फ्रॉम होम (डब्ल्यूएफएच) करने की प्रवृत्ति को व्यापक तौर पर स्वीकार्यता से आउटसोर्सिंग को बढ़ावा मिला है। आईटी कंपनियों के अधिकांश कर्मचारियों के द्वारा लॉकडाउन के दौरान घर से काम किया गया है। आपदा के बीच समय पर सेवा की आपूर्ति से कई वैश्विक उद्योग-कारोबार इकाइयों का भारत की आईटी कंपनियों पर भरोसा बढ़ा है।

डिजिटल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में बढ़ गए अवसर

स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि कोविड-19 ने आईटी उद्योग की रोज़गार संबंधी तस्वीर को बदल दिया है। डिजिटल और क्लाउड तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे क्षेत्रों में ग्राहकों की मांग बढ़ी है। स्थिति यह है कि कोरोना शुरू होने के बाद कई आईटी कंपनियों ने मंदी की आशंका के चलते बड़ी संख्या में कर्मचारियों की छंटनी की थी। लेकिन अब कई आईटी कंपनियां कामकाज के तेजी से बढ़ने से अपने पुराने कर्मचारियों को नौकरी पर बुला रही हैं। चूँकि पुराने कर्मचारियों की ऑनलाइन हायरिंग भी ज्यादा आसान है। पुराने कर्मचारी सिस्टम से अच्छी तरह से परिचित होते हैं। अतएव वे कार्य पर आने के पहले दिन से ही संस्थान में अपना योगदान करने लगते हैं।

बढ़ गए आउटसोर्सिंग में मौके

उल्लेखनीय है कि कोविड-19 भारत के लिए आउटसोर्सिंग के मद्देनजर आपदा

में अवसर लेकर आया है। कोविड-19 के समय में वर्क फ्रॉम होम और स्थानीय तौर पर नियुक्तियों पर जोर दिए जाने से भारत की प्रमुख आईटी कंपनियों का कार्बन उत्सर्जन घटना भारत के लिए लाभप्रद हो गया है। अभी स्थिति यह है कि आईटी की वैश्विक कंपनियां किसी कार्य के लिए कंपनी का चयन करते समय कार्बन उत्सर्जन प्रदर्शन को लेकर संभावित विक्रेताओं से जानकारियां मांग रही हैं। कोविड-19 के पूर्व तक भारतीय आईटी कंपनियों द्वारा व्यावसायिक यात्राओं और आवाजाही के तहत बड़ी मात्रा में कार्बन उत्सर्जन किया जाता रहा है। लेकिन कोविड-19 ने आईटी कंपनियों को डब्ल्यूएफएच मॉडल अपनाने के लिए बाध्य किया है। साथ ही अमेरिका जैसे बाजारों में बढ़ती वीजा सख्ती की वजह से भी आईटी कंपनियों को स्थानीय तौर पर कर्मचारियों को नियुक्त करना पड़ रहा है। इससे भारतीय आईटी कंपनियों की यात्रा और दैनिक आवाजाही घटी है और कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आई है। कार्बन उत्सर्जन में कमी के आधार पर भी आउटसोर्सिंग कारोबार में भारी वृद्धि की नई संभावनाएं भी निर्मित हुई हैं।

वीजा प्रणाली में बदलाव से भी बढ़ेंगे आउटसोर्सिंग के मौके

इतना ही नहीं इस समय अमेरिका में जिस तरह अमेरिका नागरिकों को रोज़गार देना पहली प्राथमिकता बनती जा रही है, उससे भी भारतीय आईटी सेवा कंपनियां काफी काम भारत में आउटसोर्स करने की रणनीति पर आगे बढ़ रही हैं। अमेरिका के श्रम मंत्रालय ने एच-1बी, एच-1बी1, ई-3 और आई-140 वीजा के लिये न्यूनतम वेतन में इजाफा कर दिया है। अमेरिका जैसे देशों में वीजा आवेदकों के लिए भी दायरा सीमित किया गया है। इन बदलावों का प्रमुख उद्देश्य यह है कि मौजूदा वेतन ढांचा कुछ ऐसा बने कि अमेरिकी कामगारों द्वारा अर्जित किया जाने वाला वास्तविक वेतन उसी काम में लगे विदेशी कामगारों से कम नहीं हो सके। ऐसे नए बदलाव के पीछे प्रमुख वजह यह है नियोक्ता कम वेतन पर विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए प्रेरित नहीं होंगे।

इसी तरह एच-1बी वीजा प्रणाली में बदलाव करने और घरेलू कामगारों को नौकरी से निकालने से रोकने के लिए अमेरिकी संसद के निचले सदन में एक विधेयक पेश हुआ था। अमेरिकियों को पहले नौकरी संबंधी इस विधेयक में यह प्रावधान है कि यदि नियोक्ता ने अपने अमेरिकी कर्मियों को छुट्टी पर भेजा है तो वह एच-1बी वीजा धारक विदेशियों की नियुक्ति कर सकेगा, लेकिन नियोक्ता के द्वारा वीजा धारक को अमेरिकी कामगार से अधिक वेतन का भुगतान करना होगा। यह प्रावधान इसलिए किया गया है, ताकि बहुत जरूरी होने पर ही विदेशी कामगार की नियुक्ति हो और अमेरिकी कामगारों को अपने ही देश में किसी तरह का नुकसान नहीं हो। ऐसे में अमेरिका में कार्यरत भारतीय आईटी सेवा कंपनियां अमेरिका में स्थानीय नियुक्तियां बढ़ाने और अधिक से अधिक काम को भारत भेजने पर ध्यान केंद्रित करने की रणनीति पर आगे बढ़ रही हैं।

कम्प्यूटर एवं आईटी कॅरियर की जरूरी स्किल्स

कम्प्यूटर और आईटी में अच्छा कॅरियर बनाने के लिए गणित, विज्ञान और अंग्रेजी



में दक्षता जरूरी है। अन्य विषयों के ऐसे स्टूडेंट के लिए भी कॅरियर है जो कम्प्यूटर दक्षता रखते हैं। प्रोग्रामिंग में विशेष रुचि लगातार लम्बे समय तक घंटों सिटिंग, अच्छा शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य, तर्कशील सोच, सकारात्मक रुख, निरंतर पढ़ने की ललक जैसी स्किल्स जरूरी हैं। डेटा साइंस, मोबाइल एप्लिकेशन स्पेशलाइजेशन, साइबर सिक्योरिटी और कोडिंग लैंग्वेज जैसी स्किल्स से कॅरियर को ऊँचाइयाँ दी जा सकती हैं।

अच्छे कॅरियर के लिये योग्यताएं

12वीं तक गणित विषय लेने वाले छात्रों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी और कम्प्यूटर क्षेत्र में अधिक अवसर मौजूद हैं। कम्प्यूटर एवं आईटी में कॅरियर के लिए बीटेक/बीई इन कम्प्यूटर, बीटेक/बीई इन आईटी, बीसीए, बीएससी कम्प्यूटर साइंस, एमटेक/एमई कम्प्यूटर साइंस, एम टेक/एमई इन आईटी, एमसीए, एमएससी कम्प्यूटर साइंस जैसी डिग्रियों की अहमियत है। जेईई मेन्स और एडवांस परीक्षाओं के माध्यम से आईआईटी, एनआईटी सहित देश के अच्छे इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश लेकर अच्छा कॅरियर बनाया जा सकता है। जीआरई देकर विदेश की किसी अच्छी यूनिवर्सिटी से कम्प्यूटर साइंस या आईटी में एमएस की डिग्री प्राप्त करके आईटी कॅरियर को और ऊँचाई दी जा सकती है। पीसीएम ग्रुप के अलावा अन्य विषयों के साथ कम्प्यूटर विषय वाले छात्रों के लिए भी कॅरियर के मौके होते हैं।

किन-किन क्षेत्रों में हैं कम्प्यूटर एवं आईटी में अवसर

इस समय आईटी का कॅरियर टॉप डिमांडिंग कॅरियर में शामिल है। कोविड-

19 ने देश और दुनिया में आईटी विशेषज्ञों की डिमांड बढ़ा दी है।

कम्प्यूटर आधारित कुछ प्रमुख कॅरियर इस प्रकार हैं-

कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग- कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग का विशेष महत्व है। यह संचार का अभिन्न अंग है, जिसकी वजह से तकनीकी ज्ञान जीवंत है। कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग एक प्रकार की कोड प्रक्रिया है। कम्प्यूटर हेतु किसी भी प्रोग्राम को बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की कम्प्यूटर भाषाओं का प्रयोग किया जाता है। इन भाषाओं के इस्तेमाल द्वारा कम्प्यूटर प्रोग्राम बनाना ही कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग कहलाता है। गौरतलब है कि कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग के शुरुआती दौर में छात्रों को सी, सी++ जावा इत्यादि भाषाओं की जानकारी प्रदान की जाती है। किसी भी प्रोग्राम को बनाने में इन भाषाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग के क्षेत्र में कॅरियर बनाने वाले दो प्रकार के अध्ययनों द्वारा इस क्षेत्र में आ सकते हैं- पहला कम्प्यूटर में तकनीकी डिग्री प्राप्त करके, दूसरा कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग में डिप्लोमा करके। प्रोग्रामिंग में इस्तेमाल की जाने वाली विभिन्न भाषाओं की जानकारी वैसे तो कम्प्यूटर इंजीनियरिंग करने वाले हर छात्र को प्रदान की जाती है, परंतु यदि छात्र चाहे तो इसमें अलग से डिप्लोमा कोर्स करके विशिष्टता प्राप्त कर सकता है। कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग का कोर्स करने वाले छात्रों के लिए नौकरी के अच्छे अवसर हैं। इस कोर्स को करने वाले छात्रों के बारे में यहाँ तक कहा जाता है कि वे कभी बेरोज़गार नहीं रह सकते। कोर्स के उपरांत कम्प्यूटर प्रोग्रामर, कम्प्यूटर टीचर, लेक्चरर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर इत्यादि बन सकते हैं। वे स्वयं अपना साइबर कैफे अथवा कोचिंग सेंटर भी खोल सकते हैं। वे आउटसोर्सिंग करके विदेशों में भी अपनी सेवाएँ प्रदान कर सकते हैं।

कम्प्यूटर हार्डवेयर, रिपेयरिंग एवं नेटवर्किंग- वर्तमान समय में कम्प्यूटर का

उपयोग दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। आज कम्प्यूटर हमारे दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण एवं अभिन्न हिस्सा बन गया है। बैंक, रेलवे, इंश्योरेंस तथा अन्य शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं निजी उपक्रमों में कम्प्यूटर का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग क्षेत्र में रोज़गार एवं स्वरोज़गार की असीमित संभावनाएं हैं। कम्प्यूटर क्षेत्र में आई क्रांति, जैसे- इंटरनेट, मोबाइल फोन, एटीएम, कॉल सेंटर आदि के कारण कम्प्यूटर के कई महत्वपूर्ण भागों को सुधारने के लिए कुशल कम्प्यूटर हार्डवेयर इंजीनियरों की आवश्यकता हमेशा बनी रहती है। हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग के साथ रिपेयरिंग भी सीखना अति आवश्यक है। हार्डवेयर, रिपेयरिंग एवं नेटवर्किंग के क्षेत्र में रोज़गार की अपार संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र में रोज़गार के इच्छुक छात्र कम्प्यूटर हार्डवेयर रिपेयरिंग एवं नेटवर्किंग क्षेत्र का चुनाव कर सकते हैं।

कम्प्यूटर मल्टीमीडिया- इस क्षेत्र में रचनात्मक सोच रखने वाले युवाओं हेतु अवसरों की भरमार है।

कम्प्यूटर एवं आईटी कोर्स करने वाले संस्थान- देश के कोने-कोने में कम्प्यूटर

तथा आईटी की शिक्षा देने वाले अनेक गुणवत्तापूर्ण संस्थान हैं इनमें आईआईटी, एनआईटी सहित देश के प्रमुख इंजीनियरिंग कॉलेज शामिल हैं। देश के कई विश्वविद्यालयों में भी कम्प्यूटर साइंस व आईटी के डिपार्टमेंट हैं। ऐसे में प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से उपयुक्तता के अनुरूप अच्छे संस्थान का चयन करके कम्प्यूटर और आईटी सेक्टर में कॅरियर की राह पर आगे बढ़कर कॅरियर के मौकों को मुट्ठियों में लिया जा सकता है।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी
(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में प्रतिष्ठित हैं।)

अक्षय पात्र फाउंडेशन

ब्रिटेन में जरूरतमंद बच्चों को खाना देगा

भारत में गरीब बच्चों को भोजन मुहैया कराने वाली संस्था 'अक्षय पात्र फाउंडेशन' ब्रिटेन के जीएमएसपी फाउंडेशन के साथ मिलकर जरूरतमंद बच्चों को मुफ्त भोजन प्रदत्त करवायेगा। उत्तर-पश्चिम लंदन के वाटफोर्ड की नई रसोई से भोजन की पहली खेप बांटी गई है। यह चैरिटी संस्था भारत के स्कूलों के रोजाना 18 लाख बच्चों के लिये खाना तैयार करती है।

मनोहारी गोल्ड टी

75,000 रुपये किलो बिकी

गुवाहाटी टी ऑक्शन सेंटर में मनोहारी गोल्ड टी ने 75 हजार रुपये किलो में बिक कर रिकॉर्ड बना दिया। 2018 में यह चाय 39000 रुपये और 2019 में 50 हजार रुपये किलो बिकी थी। यह चाय खास इसलिये है कि इसे केवल तड़के हाथों से ही चुना जाता है। इस साल कुल ढाई किलो गोल्ड टी मिली है।

केसर

दुनिया की सबसे महंगी फसल की कटाई शुरू

दुनिया की सबसे महंगी फसल केसर की कटाई 27 अक्टूबर को केसर दिवस से शुरू हो गई। राष्ट्रीय सैफ्रॉन मिशन से जुड़े कृषि वैज्ञानिक के अनुसार केसर 1.60 लाख से 3 लाख रुपये किलो तक बाजार में विकता है। भारत में इसका उत्पादन सिर्फ कश्मीर में होता है। इस साल 3715 हेक्टेयर में केसर की खेती की गई है। इससे 5 टन केसर के उत्पाद का अनुमान है।

वाट फेरा सिंह बौद्ध मंदिर में

चढ़ाई गई सोने की परत

थाईलैंड में पर्यटन को बढ़ाने की गरज से चियांग माई स्थित वाट फेरा सिंह बौद्ध मंदिर में बौद्ध स्तूप और वहां स्थापित बौद्ध भिक्षुओं की प्रतिमाओं पर स्वर्ण की परतें चढ़ाई गई हैं। इस मंदिर की स्थापना 1345 में मंगराई राजवंश के पंचम राजा ने की थी। इस प्रसिद्ध बौद्ध मंदिर का पहले भी जीर्णोद्धार हो चुका है।

डॉक्टर पुलोक मुखर्जी

दुनिया के टॉप वैज्ञानिकों की सूची में शामिल

जैव संसाधन एवं सतत विकास संस्थान, (आईबीएसडी) इम्फाल के निदेशक प्रोफेसर पुलोक कुमार मुखर्जी का नाम अपने संबद्ध विषयों के दुनिया के टॉप दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शुमार हो गया है। डॉक्टर जॉन पी.ए. इयोनिविस के नेतृत्व में कैलिफोर्निया के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की टीम द्वारा किये गये विषय-वार विश्लेषण के अनुसार उन्होंने यह कामयाबी हासिल की है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की रैंकिंग में उनके नाम पर 211 शोध पत्रों के आधार पर भारत में टॉप 0.15 प्रतिशत वैज्ञानिकों में स्थान मिला है।

स्कॉट मैर्मन और अगस्टीना

जूम एप के जरिये शादी करने वाला पहला कपल बना

अमेरिका के स्कॉट मैर्मन और अर्जेंटीना की अगस्टीना मॉन्टफियोरी दुनिया के पहले ऐसे कपल बन गये हैं, जिन्होंने जूम एप के जरिये कानूनी रूप से शादी की है। पिछले सप्ताह उताह स्टेट काउंटी से इन्होंने ऑनलाइन मैरिज लाइसेंस हासिल किया था। उताह के जज और नजदीकी रिश्तेदारों के सामने उन्होंने विवाह किया।

सोलर मिनिएचर ट्रेन

देश की पहली सोलर ट्रेन केरल में शुरू

देश की अपनी तरह की पहली सोलर पॉवर से चलने वाली छोटी ट्रेन तिरुवनंतपुरम् वेली टूरिस्ट विलेज में लॉन्च की गई। यह ट्रेन 60 करोड़ की लागत से पर्यटकों के लिये अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधायें विकसित करने के प्रोजेक्ट के तहत बनाई गई है। ट्रेन की तीन बोगियों में एक बार में 45 यात्री बैठ सकेंगे।

दीप्तिमान त्रिवेदी

गुजरात की इकलौती गन विक्रेता

दीप्तिमान अशोक भाई त्रिवेदी गुजरात की इकलौती लाइसेंस धारी अस्त्र विक्रेता हैं और 1998 से राजकोट में लाइसेंस अस्त्र भंडार का संचालन कर रही हैं। उनके प्रभुकृपा ऑर्म्स एम्यूनिशन स्टोर में 60 से 65 रिवॉल्वर, पिस्तौल और कई तरह की राइफलें हैं। उन्होंने बताया कि देसी हथियारों के अलावा वे विदेशी हथियारों का भी संग्रहण नियमानुसार करती हैं। उन्हें लाइसेंस लेने से लेकर विक्रय तक का अनुभव है।

जोहरान ममदानी

फिल्म निर्माता मीरा नायर के पुत्र ने जीता न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली का चुनाव

भारतीय फिल्म निर्माता मीरा नायर के 28 वर्षीय बेटे जोहरान ममदानी ने न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली का चुनाव जीत लिया है। उन्होंने कहा कि वे अमीरों पर कर लगाने, बीमारों को ठीक करने और गरीबों का घर बसाने के अपने वायदे पर कृत संकल्पित हैं। ममदानी एक रैपर और हाउसिंग काउंसलर हैं। वह लोगों को किफायती घर दिलाने के लिये एक अभियान भी चलाते हैं।

साराह मेकब्राइड

पहली समलैंगिक स्टेट सीनेटर बनीं

अमेरिका की प्रमुख वकील और समलैंगिकों के अधिकारों के लिये लड़ने वाली साराह मेकब्राइड चुनाव जीत गई हैं। 30 वर्षीय डेमोक्रेट साराह डेलावेयर से चुनी गई हैं। वह देश की पहली समलैंगिक स्टेट सीनेटर होंगी। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकन स्टीव वार्शिंगटन को हराया है। साराह को समलैंगिक हैरिस मैक्डोवेल ने नामित किया है।

ज्ञानेंद्रो निंगोम्बाम

हॉकी इंडिया के नये अध्यक्ष बने

मणिपुर के ज्ञानेंद्रो निंगोम्बाम हॉकी इंडिया (एचआई) के नये अध्यक्ष चुने गये हैं। उन्होंने मोहम्मद मुश्ताक अहमद की जगह ली है। मुश्ताक को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है। नई दिल्ली में 10वीं हॉकी इंडिया कांग्रेस और इलेक्शन के आयोजन के दौरान उन्होंने पदभार ग्रहण किया।

एम.एम. कुट्टी

प्रदूषण रोधी आयोग के चेयरमैन बने

दिल्ली के पूर्व मुख्य सचिव एम.एम. कुट्टी को दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण रोकने के लिये बने आयोग का चेयरमैन बनाया गया है। सरकार ने आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर मुकेश खरे, आईएमडी के पूर्व महानिदेशक रमेश केजे सहित नौ पदेन सदस्य नियुक्त किये हैं। यह नियुक्तियां 3 वर्ष के लिये की गई हैं।

रिडवन सेलिक

तुर्की में भूकंप प्रभावितों की मदद कर बने हीरो

बीते दिनों तुर्की में आये भूकंप से सबसे ज्यादा प्रभावित शहर इजमिर में 3 फिट के रिडवन सेलिक हीरो बन गये हैं। रिडवन भूकंप के बाद इलाके की इमारतों में फंसे लोगों को खोजने में रेस्क्यू टीम की मदद करते हैं। उन्होंने लोगों को चिकित्सकीय मदद भी पहुंचाई और धन संग्रहण कर भोजन की व्यवस्था भी करवाई।

नीदरलैंड में

व्हेल की कलाकृति ने बचाई जान

नीदरलैंड के स्पाइजेनिसे में एक मेट्रो ट्रेन अनियंत्रित होकर बैरियर को तोड़ कर आगे बढ़ गई, लेकिन मेट्रो ब्रिज के आखिर में बनी 25 फीट ऊंची व्हेल मछली की कलाकृति पर जाकर अटक गई। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी को कुछ नहीं हुआ। सालों पुरानी इस कलाकृति को 'व्हेल की पूंछ' नाम से पुकारा जा रहा है, क्योंकि यह आकृति व्हेल की मुड़ी हुई पूंछ के समान दिखती है।

चीन ने

पहली बार एक रॉकेट से अंतरिक्ष में भेजे 13 सैटेलाइट

चीन ने एक रॉकेट से 13 सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेज कर एक रिकॉर्ड बना डाला। इसमें से 10 उपग्रह अर्जेंटीना के हैं। ऐसा पहली बार है जब इतनी बड़ी संख्या में विदेशी उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजा गया है। चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक लॉन्ग मार्च-6 रॉकेट ने उपग्रहों के साथ शांग्सी प्रांत के तायुन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से उड़ान भरी। यह लॉन्ग मार्च सीरीज का 351वां प्रक्षेपण था।

ली म्यूंग बाक

दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति फिर हिरासत में लिये गये

दक्षिण कोरिया की शीर्ष कोर्ट द्वारा भ्रष्टाचार के अपराध में 17 साल की सजा को बरकरार रखने के फैसले के 4 दिन बाद पूर्व राष्ट्रपति ली म्यूंग बाक को वापस जेल भेज दिया गया। दक्षिण कोरिया के टेलीविजन पर एक प्रसारण में काले वाहनों के काफिले को सोल के डोंगवू हिरासत केंद्र पर पहुंचते दिखाया गया, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति मौजूद थे।

कनाडा

सबसे ज्यादा स्थायी निवासी बने भारतीय

भारतीय प्रवासियों ने कनाडा में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। 2019 में कनाडा की ओर से दी गई मंजूरी के बाद कुल ४.१११ निवासियों में एक चौथाई भारतीय प्रवासी हैं। पिछले साल 85,593 प्रवासी स्थायी निवासी बने हैं, जिसके बाद भारत स्थायी निवास के लिये सबसे बड़ा स्रोत बन गया है। यह डाटा संसद में प्रवासियों पर 2020 की वार्षिक रिपोर्ट के सामने आने के बाद आया है।

हरप्रीत ए.डी. सिंह

अलायंस एयर की पहली महिला सीईओ बनीं

भारतीय विमानन क्षेत्र में इतिहास रचने वाली एयर इंडिया की पहली महिला पायलट हरप्रीत ए.डी. सिंह सरकारी विमानन सेवा की क्षेत्रीय सहायक इकाई अलायंस एयर की सीईओ बन गयी हैं। उन्होंने सुरक्षा प्रबंधन और जोखिम प्रबंधन में डिप्लोमा किया है। वह किसी एयरलाइन की भी पहली महिला प्रमुख रही हैं। उन्होंने मानवीय प्रतिक्रिया को विमान सेवा से जोड़ने के लिये 'एंजेल्स ऑफ एयर इंडिया' को भी आकार दिया है।

यशवर्धन सिन्हा

मुख्य सूचना आयुक्त बने

यशवर्धन सिन्हा देश के नये मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) बन गये हैं। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इससे पहले सिन्हा सूचना आयुक्त थे। सीआईसी सिन्हा के चयन के साथ ही पत्रकार उदय माहुरकर, पूर्व श्रम सचिव हीरालाल सामरिया और पूर्व सीएजी सरोज पुनहानी को सूचना आयुक्त बनाया गया है।

केंटुकी प्रांत अमेरिका में

फ्रांसीसी बुलडॉग को चुना गया मेयर

अमेरिका में केंटुकी प्रांत के छोटे से शहर रैबिट हैश ने अपना मेयर किसी इंसान को नहीं, बल्कि 6 महीने के फ्रांसीसी बुलडॉग विल्बर बीस्ट को चुना है। रैबिट हैश हिस्टोरिकल सोसाइटी के अनुसार, विल्बर बीस्ट को कुल 22 हजार 985 वोटों में से 13,143 वोट मिले। बता दें कि रैबिट हैश समुदाय में वर्ष 1990 से डॉग को अपना मेयर चुनने की परंपरा है।

सिचुआन से

तिब्बत तक रेलवे ट्रैक बिछा रहा चीन

तिब्बत को सिचुआन प्रांत से जोड़ने के लिये चीन रेलवे लाइन बिछा रहा है। हाई क्वालिटी का रेलवे प्रोजेक्ट पूरा होते ही यहां 120 से 200 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से ट्रेनें दौड़ सकेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के सिचुआन - तिब्बत रेलवे के यान-लिन्झी मार्ग की लंबाई 1011 किलोमीटर है। रेलवे प्रोजेक्ट पूरा होने पर लगभग 47.8 अरब डॉलर की लागत आयेगी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

जीवन की चुनौतियां आपको आपके भीतर छुपी ताकत का अहसास करवाने के लिये आती हैं – बर्नेस जानसन रीगन

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड खुरई, जिला सागर (म.प्र.)

दूरभाष क्रमांक (07581) 240050, E-mail-eephedkhurai@gmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों की निविदायें ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल पर खुरई, जिला सागर के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन, टंकी निर्माण, सम्पवेल निर्माण एवं अन्य सहायक कार्य हेतु निविदायें निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं :-

स. क्र.	निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकासखण्ड	ग्राम का नाम	निविदा की कुल लागत (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
1.	111/04.11.2020	2020_PHED_113096_1	जैसीनगर	वीरपुरा खुर्द	24.27 Lakh	48540/-	5000/-	03 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली
2.	112/04.11.2020	2020_PHED_113097_1	जैसीनगर	आमोदा	26.64 Lakh	50000/-	5000/-	03 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली
3.	113/04.11.2020	2020_PHED_113098_1	जैसीनगर	चकेरी	21.92 Lakh	43840/-	5000/-	03 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली
4.	114/04.11.2020	2020_PHED_113099_1	जैसीनगर	जमुनिया धोपी	26.16 Lakh	50000/-	5000/-	03 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली
5.	115/04.11.2020	2020_PHED_113100_1	जैसीनगर	गोदना	28.40 Lakh	50000/-	5000/-	03 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली
6.	116/04.11.2020	2020_PHED_113101_1	जैसीनगर	कंदेला	25.03 Lakh	50000/-	5000/-	03 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली
7.	117/04.11.2020	2020_PHED_113102_1	जैसीनगर	पिपरिया	28.92 Lakh	50000/-	5000/-	03 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली
8.	118/04.11.2020	2020_PHED_113103_1	जैसीनगर	गेहलपुर	21.89 Lakh	43780/-	5000/-	03 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली
9.	119/04.11.2020	2020_PHED_113104_1	जैसीनगर	सहजपुरी खुर्द	24.04 Lakh	48080/-	5000/-	03 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली
10.	120/04.11.2020	2020_PHED_113106_1	जैसीनगर	सूरजपुरा	24.09 Lakh	48180/-	5000/-	03 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली
11.	121/04.11.2020	2020_PHED_113107_1	बीना	किरोंद	31.70 Lakh	50000/-	5000/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली
12.	122/04.11.2020	2020_PHED_113108_1	मालथौन	मांदरी	40.88 Lakh	50000/-	5000/-	05 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली
13.	123/04.11.2020	2020_PHED_113110_1	राहतगढ़	चंद्रपुर	47.36 Lakh	50000/-	5000/-	05 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली
14.	124/04.11.2020	2020_PHED_113111_1	जैसीनगर	जैरा	46.74 Lakh	50000/-	5000/-	05 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली
15.	125/04.11.2020	2020_PHED_113112_1	जैसीनगर	करैया	43.13 Lakh	50000/-	5000/-	05 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली

ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि : **16.11.2020 Upto 17.30**
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : 16.11.2020 Upto 17.30
ऑनलाइन निविदा खोलने की तिथि : 18.11.2020
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर ऑनलाइन क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकार ऊपर दर्शायी गयी वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड
खुरई जिला सागर (म.प्र.)

जी-15388/44672/2020

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, शाजापुर

ओल्ड कलेक्टर रोड, कमला भवन, जिला शाजापुर

दूरभाष कार्या. (07364) 228862, मो.नं. 9165607999, ई-मेल - eephedshj@mp.nic.in

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 34 to 36/2020-21/लेखा/का.यं./लोस्वायां/2020 शाजापुर, दिनांक 06.11.2020

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा टेण्डर अपेंडिक्स 2.10 पर आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

ऑनलाइन निविदा क्रमांक	निविदा विज्ञप्ति क्रमांक	अनुमानित लागत रु. लाखों में	अमानत राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य
		शाजापुर जिले के विकासखण्ड शाजापुर एवं मो. बड़ोदिया के विभिन्न ग्रामों में नलजल योजनान्तर्गत रेट्रोफिटिंग कार्य।		
113130	34	399.00	399000/-	15000/-
113131	35	396.82	396820/-	15000/-
113132	36	365.36	365360/-	15000/-
		1161.18 लाख (शब्दों में रु. ग्यारह करोड़ इकसठ लाख अठारह हजार)	1161180/- (शब्दों में रु. ग्यारह लाख इकसठ हजार एक सौ अस्सी)	45000/- (शब्दों में रु. पैंतालीस हजार)

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) क्रय किये जा सकते हैं। ऑनलाइन क्रय करने की **अन्तिम तिथि 20.11.2020 सायं 5.30 बजे तक** निर्धारित है। विस्तृत विवरण निविदा सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। यदि निविदा में आगे कोई संशोधन किया जाता है तो वह विभाग की वेबसाइट पर देखा जा सकता है, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, शाजापुर

जी-15383/44669/2020

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P. 462011
IFB No./17253/MP/PMGSY/Goods (IFB) -2020 Bhopal, Date : 12.11.2020

IFB No. 915

The Government of India has received a credit from the International Bank For Reconstruction & Development (IBRD) under the Technical Assistance for procurement and installation of video conferencing facilities and intends to apply a part of the proceeds of this credit to eligible payments for the following works.
Online Tenders for supply and installation of video conferencing facilities are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below.

S. No.	Name of Work	No. of Packages	Approximate Cost (In INR) Lakhs
1.	Providing, Installation, testing and commissioning video conferencing facilities at MPRRDA Head Office Bhopal and 51 districts PIUs	01	61.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from 13.11.2020, 17:30 hrs.
2. Last date for Bid Submission is **25.11.2020** upto 15:00 hrs.
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document for procurement and installation of video conferencing facilities in the State of Madhya Pradesh Under WB funded – November-2020 on the above e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in**

M.P.M./98930/44677/2020 **CHIEF GENERAL MANAGER (T & E-G)**

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

नगरों के विकास के लिए नहीं होगी धनराशि की कमी - मुख्यमंत्री

नगरीय निकायों को 480 करोड़ रुपये की राशि एक क्लिक से जारी की गई

भोपाल, नगरों के विकास के लिए धनराशि की कमी नहीं आने दी जाएगी। जब कोरोना काल में 330 करोड़ रुपये की राशि राज्य सरकार ने नगरीय निकायों को प्रदान की तो अब यह क्रम नहीं रुकेगा और 15वें वित्त आयोग की स्वीकृत राशि निकायों को प्रदान की जाती रहेगी। नगर किसी भी प्रदेश का आईना होते हैं। बड़ी आबादी होने के कारण नगरों में सड़क, पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता से उपलब्ध करवाना आवश्यक होता है। इसके साथ सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और सीवेज सिस्टम का विकास भी जरूरी है। स्वच्छता में देश के अग्रणी नगरों में शामिल हाने वाले इंदौर, भोपाल जैसे नगर आगे भी विशिष्ट स्थान बनाएं इसके लिए आवश्यक धनराशि प्रदान की जाएगी। जनता की जिन्दगी में सभी मिलकर नया प्रकाश लाने का प्रयास करें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा प्रदेश के नगरीय निकायों के पदाधिकारियों और अधिकारियों से चर्चा करते हुये कहीं।

इस अवसर पर उन्होंने सिंगल क्लिक द्वारा 480 करोड़ रुपये की राशि नगरीय निकायों को अंतरित की। जिन नगरों को राशि प्राप्त हुई है उनमें 10 लाख से अधिक आबादी (मिलियन प्लस) वाले प्रदेश के 4 नगरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर के अलावा नॉन मिलियन प्लस 403 नगरीय निकाय और 5 केन्टोनमेंट नगर शामिल हैं। आज प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के अधिकारी और 63 ऐसे निकायों के अध्यक्ष जिनका कार्यकाल अभी चल रहा है, उन्होंने वीसी के माध्यम से कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में आर्थिक संकट की स्थिति है, लेकिन नगरों के विकास के लिए धन की व्यवस्था की जाएगी। हमारे शहर आदर्श बनकर खड़े हों, इसके प्रयत्न करेंगे। श्री चौहान ने कहा कि चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि में वृद्धि की जाएगी। कोरोना से पूरी तरह सामान्य स्थितियां निर्मित होते ही आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। श्री चौहान ने कहा कि शहरी गरीबों को प्राथमिकतापूर्वक आवास उपलब्ध करवाए जाएंगे। प्रदेश के 7 नगरों में 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश हो रहा है, इंदौर और भोपाल में मेट्रो रेल का कार्य चल रहा है। श्री चौहान ने निकायों को निर्देश दिए कि मास्टर प्लान तैयार करते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि झुग्गी क्षेत्र न बढ़ें। प्रदेश में संबल योजना पुनः प्रारंभ की गई है। इसके साथ ही स्ट्रीट वेण्डर्स को लाभान्वित करने के लिए योजना संचालित है। मध्यप्रदेश ने इस योजना के कियान्वयन में देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्र में सब्जी की दुकान चलाने वाले हाथ ठेला से छोटे व्यवसाय करने वाले केशशिल्पी, चर्मकार, काष्ठकार और अन्य बुनकरों-कारीगरों को भी योजनाओं का लाभ दिलवाया जाएगा। श्री चौहान ने शहरों के विकास के लिए धनराशि के सदुपयोग के लिए विभिन्न स्तरों पर मॉनीटरिंग की आवश्यकता भी बताई।

नगरीय निकायों से चर्चा

मुख्यमंत्री ने नगर पालिका मंदसौर के अध्यक्ष श्री राम कोडवानी, नगर पालिका शहडोल की अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला कटारे और झाबुआ जिले की पेटलावद नगर परिषद के अध्यक्ष श्री मनोहर भटेवरा से चर्चा भी की। मुख्यमंत्री को मंदसौर के जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण के लिए आमंत्रित किया। श्री चौहान ने कहा कि वे अवश्य ही बहुत जल्दी मंदसौर आएंगे और भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन कर प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए प्रार्थना करेंगे। शहडोल की नगर पालिका अध्यक्ष और अन्य जनप्रतिनिधियों ने श्री चौहान को शहडोल में मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय और इंजीनियरिंग कॉलेज की सौगात देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि गत वर्ष शहडोल के विकास के लिये कोई कदम नहीं उठाया गया। श्री चौहान ने कहा कि वे विकास के कार्यों की मंजूरी देने में तत्पर रहेंगे। पेटलावद के नगर परिषद अध्यक्ष ने भी विकास कार्यों के थम जाने से अवगत करवाया और चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि बढ़ाने का सुझाव दिया।

किस नगर को कितनी राशि

वित्त वर्ष 2020-21 में मिलियन प्लस आबादी वाले नगरीय निकायों को दो किश्तों में कुल 598 करोड़ रुपये मंजूर हुए हैं। इनमें भोपाल को 176, ग्वालियर को 102, इंदौर को 202 और जबलपुर को 118 करोड़ स्वीकृत हुए हैं। इसकी प्रथम किश्त कुल 149.50 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई। नॉन मिलियन प्लस आबादी के 403 नगरीय निकायों और 5 छावनी परिषदों के लिए 1320 करोड़ रुपये मंजूर हुए हैं। इनकी पहली किश्त 330 करोड़ रुपये गत 6 जून को मुख्यमंत्री ने निकायों को प्रदान की थी। इसका उपयोग निकायों ने विभिन्न विकास कार्यों और कोरोना रोकथाम के लिए किया। इन निकायों को प्रथम किश्त की राशि 330 करोड़ रुपये प्रदाय की गई। इसका उपयोग स्वच्छता और शौचमुक्त (ओडीएफ) स्थिति के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंध, पेयजल आपूर्ति, वर्षा जल संचयन आदि के लिए किया जाएगा।

जेल प्रहरी एवं प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिये महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

सामान्य विज्ञान

1. ज्योति तीव्रता की इकाई है?
अ. केल्विन ब. कैण्डेला
स. रेडियन द. एम्पियर।

2. एंग्सट्रॉम किस भौतिक राशि का मात्रक है?
अ. समय ब. चाल
स. लंबाई द. द्रव्यमान

3. किसने प्रिंसीपिया की रचना की है?
अ. आइंस्टीन ने
ब. इस्साक न्यूटन ने
स. माइकल फैराडे ने
द. गैलीलियो गैलिली ने

4. प्रकाश की चाल सर्वाधिक होती है?
अ. जल में
ब. धातु में
स. निर्वात में
द. प्रकाशित तंतु में

5. मृत जीवों के सैम्पल किस विलयन में सुरक्षित रखे जाते हैं?
अ. चारकोल में ब. एल्कोहल में
स. ईथर में द. फार्मेलिन में

6. किसके द्वारा प्रकाश ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में रूपांतरित किया जाता है?
अ. सौर सेल ब. डायनेमो
स. रेग्युलेटर द. रेडिएटर।

7. टेलीविजन सिग्नल का प्रसारण होता है?
अ. गामा किरणों द्वारा
ब. रेडियो तरंगों द्वारा
स. एक्स किरणों द्वारा
द. माइक्रो तरंगों द्वारा।

8. डायनामाइट का आविष्कार किसने किया है?
अ. अल्फ्रेड नोबल ने
ब. न्यूटन ने
स. फैराडे ने
द. आर्कमिडीज ने

9. किससे तरल पदार्थों का आपेक्षिक घनत्व मापा जाता है?
अ. हाइग्रोमीटर ब. हाइड्रोमीटर
स. लैक्टोमीटर द. वैरोमीटर।

10. सदिश राशि नहीं है?
अ. विस्थापन ब. वेग
स. बल द. समय

11. प्रकाशित तंतु (ऑप्टिकल फाइबर) का कार्य सिद्धांत आधारित है?
अ. पूर्ण आंतरिक परावर्तन पर
ब. परावर्तन पर
स. अपवर्तन
द. प्रकाश विद्युत प्रभाव पर

12. बैकेलाइट क्या है?
अ. अधातु ब. विलयन
स. धातु द. बहुलक।

13. इनमें से कौन लौह का अयस्क नहीं है?
अ. हेमेटाइट ब. मैग्नेटाइट
स. कैल्वेराइट द. सीडेराइट

14. यातायात सिग्नल का रंग लाल होता है, क्योंकि लाल रंग का प्रकीर्णन?
अ. शून्य होता है
ब. न्यूनतम होता है
स. अधिकतम होता है
द. इनमें से कोई नहीं।

15. सर्वप्रथम एलुमिनियम का अयस्क बॉक्साइट कहां पाया गया?
अ. फ्रांस में ब. स्वीडन में
स. डेनमार्क में द. चिली में।

16. पौधों के भोजन बनाने की प्रक्रिया को कहते हैं?
अ. पाचन
ब. क्लोरोफिल
स. प्रकाश संश्लेषण
द. संवहन।

17. ओस की बूंदें गोल होने का कारण है?
अ. पृष्ठ तनाव
ब. प्रत्यास्थता
स. गुरुत्वाकर्षण
द. इनमें से कोई नहीं।

18. बर्फ का टुकड़ा पानी पर तैरता है, क्योंकि?
अ. बर्फ का घनत्व पानी के घनत्व से कम होता है
ब. बर्फ का घनत्व पानी के घनत्व से अधिक होता है
स. बर्फ का घनत्व पानी के घनत्व के बराबर होता है
द. इनमें से कोई नहीं।

19. विद्युत अपघट्यों में धारा का चालन होता है?
अ. अणुओं द्वारा
ब. इलेक्ट्रॉनों द्वारा
स. आयनों द्वारा
द. परमाणुओं द्वारा।

20. वर्तमान में 'सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायर्नमेंट' का महानिदेशक कौन है?
अ. सुनीता नारायण
ब. प्रकाश जावड़ेकर
स. मेनका गांधी
द. शबाना आजमी।

21. कौनसी ग्रंथि वृद्धावस्था में लुप्त हो जाती है?
अ. थाइमस
ब. पीयूष
स. एड्रीनल
द. इनमें से कोई नहीं।

22. किस धातु को ऑक्सीकरण होने से रोकने के लिए केरोसिन में रखते हैं?
अ. लोहे को
ब. मैग्नीशियम को
स. कैल्सियम को
द. सोडियम को

23. उत्कृष्ट चालक है?
अ. चाँदी ब. लोहा
स. स्टील द. इनमें से कोई नहीं।

24. टिटनेस का कारण है?
अ. वाइरस ब. वैक्टीरिया
स. प्रोटोजोआ द. कवक।

25. पायरिया से प्रभावित होने वाला अंग है?
अ. नेत्र ब. गुर्दा
स. दांत द. फेफड़ा।

26. न्यूट्रॉन की खोज किसने की?
अ. गैल्वनी ने ब. चैडविक
स. गोल्डस्टीन द. थॉमसन ने

27. आधुनिक जीवाणु विज्ञान का पिता माना जाता है?
अ. राबर्ट कोच ब. एडवर्ड जेनर
स. स्टीफन हेल्स द. मेंडल।

28. सबसे बड़ा पुष्प है?
अ. एजोला ब. आर्किड
स. साइकस द. रेफलिसिया।

29. राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान स्थित है?
अ. त्रिवेंद्रम में ब. पणजी में
स. चेन्नई में द. मुम्बई में।

30. 'विंग्स ऑफ फायर' नामक आत्मकथा की रचना की है?
अ. लालकृष्ण आडवाणी ने
ब. एपीजे कलाम ने
स. अमिताभ बच्चन ने
द. मनोज कुमार ने।

31. 1733 में किसने सर्वप्रथम रक्त दाब (ब्लड प्रेशर) को घोड़े में मापा था?
अ. पाश्चर ने ब. डेनियल ने
स. हेल्स ने द. जैनर।

32. कॉपर, टिन एवं जिंक से मिलकर बनता है?
अ. गन मैटल ब. पीतल
स. रांगा द. मैग्नेलियम।

33. मृत जीवों पर जीवन निर्वाह करने वाले जीव कहलाते हैं?
अ. पैरासाइट ब. स्कैवेंजर
स. ओमनीवोट द. डिकम्पोजर

34. आनुवंशिकी का जनक है?
अ. लुई पाश्चर ब. जॉन मेंडल
स. अरस्तू द. एडवर्ड जैनर

35. मध्यप्रदेश में कपास उत्पादन का प्रमुख क्षेत्र है?
अ. मालवा ब. बुंदेलखंड
स. निमाड़ द. चंबल।

36. सुमेलित कीजिये -

नाम		रासायनिक नाम
क. संगमरमर	-	1. ट्राइ क्लोरो मीथेन
ख. सिंदूर	-	2. कैल्सियम कार्बोनेट
ग. क्लोरोफार्म	-	3. एसिटिक एसिड
घ. सिरका	-	4. लेड पराक्साइड

	क	ख	ग	घ
अ.	1	3	4	2
ब.	3	1	4	2
स.	2	4	1	3
द.	3	1	2	4

37. भारत में सरसों का सर्वाधिक उत्पादन होता है?
अ. राजस्थान में
ब. बिहार में
स. अरुणाचल प्रदेश में
द. मध्यप्रदेश में।

38. विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम दिवस मनाया जाता है?
अ. 17 मई को
ब. 21 मई को
स. 12 जून को
द. 17 जून को।

39. नर शुक्राणु एवं मादा अण्डाणु के सम्मिलन से युग्मनज (जाइगोट) बनने की क्रिया को कहा जाता है?
अ. संवहन ब. निषेचन
स. उत्सर्जन द. परागमन।

हल

1. ब, 2. स, 3. ब, 4. स, 5. द, 6. अ, 7. द, 8. अ, 9. ब, 10. द, 11. अ, 12. द, 13. स, 14. ब, 15. अ, 16. स, 17. अ, 18. अ, 19. स, 20. अ, 21. अ, 22. द, 23. अ, 24. ब, 25. स, 26. ब, 27. अ, 28. द, 29. ब, 30. ब, 31. स, 32. अ, 33. ब, 34. ब, 35. स, 36. स, 37. अ, 38. द, 39. ब।

व्याख्यात्मक हल

6. अ. प्रकाश विद्युत सेल द्वारा भी प्रकाश ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में रूपांतरित किया जाता है।

13. स. कैल्वेराइट स्वर्ण का अयस्क है।

15. अ. सर्वप्रथम एल्युमिनियम का अयस्क बॉक्साइट फ्रांस के बॉक्स (Baux) नामक स्थान पर पाया गया था।

- डॉ. नियाज अहमद अंसारी
(लेखक, शासकीय आदर्श महाविद्यालय, उमरिया में राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन विषय के सहा. प्राध्यापक हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान-खेल

1. भारत ने वर्ष 1948 के ओलिंपिक में किस देश को हराकर हॉकी का स्वर्ण पदक जीता था?
(अ) नीदरलैंड्स (ब) ब्रिटेन
(स) बेल्जियम (द) पाकिस्तान

2. विजेंदर सिंह ने किस ओलिंपिक में मुक्केबाजी में कांस्य पदक जीता था?
(अ) बीजिंग 2008
(ब) लंदन 2012
(स) रियो 2016
(द) इनमें से कोई नहीं

3. बैकस्पिन टर्म इनमें से किस खेल में प्रयुक्त होता है?
(अ) गोल्फ (ब) टेनिस
(स) स्क्वॉश (द) इनमें से कोई नहीं

4. इंडियन प्रीमियर लीग में सबसे ज्यादा मैच खेलने का रिकॉर्ड किसके नाम है?
(अ) विराट कोहली
(ब) सुरेश रैना
(स) रोहित शर्मा
(द) महेन्द्र सिंह धोनी

5. इस वर्ष एनबीए चैम्पियनशिप का खिताब इनमें से किस टीम ने जीता है?
(अ) शिकागो बुल्स
(ब) अटलांटा हॉक्स
(स) लॉस एंजेलिस लेकर्स
(द) मियामी हीट्स

6. आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी का पहला संस्करण किस देश ने जीता है?
(अ) न्यूजीलैंड
(ब) दक्षिण अफ्रीका
(स) ऑस्ट्रेलिया
(द) वेस्टइंडीज

7. वर्ष 2012 में किस खिलाड़ी को आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था?
(अ) ए.बी. डिविलियर्स
(ब) युवराज सिंह
(स) कुमार संगाकारा
(द) माइकल क्लार्क

8. वर्ष 2018 के राष्ट्रमंडल खेलों में भारत पदक तालिका में किस स्थान पर रहा था?
(अ) पहले (ब) तीसरे
(स) चौथे (द) पांचवें

9. इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथेलेटिक्स फेडरेशन का मुख्यालय किस देश में है?
(अ) मोनाको (ब) सेशेल्स
(स) जमैका (द) आइवरी कोस्ट

10. फ्रेंच ओपन 2020 की चैम्पियन ईगा स्वितेक टेनिस में किस देश का प्रतिनिधित्व करती हैं?
(अ) सर्विया (ब) पुर्तगाल
(स) स्लोवाकिया (द) पोलैंड

11. लंदन ओलिंपिक 2012 में किस देश ने फुटबॉल में पुरुष वर्ग का स्वर्ण पदक जीता है?
(अ) मैक्सिको (ब) ब्राजील
(स) जर्मनी (द) दक्षिण कोरिया

12. दिव्या काकरान किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं?
(अ) हॉकी (ब) कबड्डी
(स) कुश्ती (द) इनमें से कोई नही

13. वर्ष 2017 में फीफा अंडर-17 वर्ल्डकप किस देश ने जीता है?
(अ) ब्राजील (ब) न्यूजीलैंड
(स) अर्जेंटीना (द) इंग्लैंड

14. इनमें से किसे हाल ही में वेस्टइंडीज की महिला क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनाया गया है?
(अ) माइकल होल्डिंग
(ब) कर्टनी वॉल्श
(स) ब्रायन लारा
(द) रामनरेश सरवन

15. वर्ष 2022 में विंटर ओलिंपिक खेल चीन के किस शहर में आयोजित किए जायेंगे?
(अ) शंघाई (ब) वुहान
(स) बीजिंग (द) ग्वांगझोउ

16. मानवजीत सिंह संधु को किस वर्ष राजीव गांधी राष्ट्रीय खेल रत्न पुरस्कार से नवाजा गया है?
(अ) वर्ष 2005 (ब) वर्ष 2007
(स) वर्ष 2008 (द) वर्ष 2010

17. भारतीय महिला हॉकी टीम ने पहली बार ओलिंपिक खेलों में हिस्सा किस वर्ष लिया था?
(अ) वर्ष 1980 (ब) वर्ष 1984
(स) वर्ष 2000 (द) वर्ष 1966

18. इनमें से किस भारतीय क्रिकेटर ने लगातार पांच टेस्ट मैचों में शतक बनाये हैं?
(अ) राहुल द्रविड़
(ब) विराट कोहली
(स) गौतम गंभीर
(द) वसीम जाफर

19. लंदन का प्रसिद्ध वेम्बले स्टेडियम किस खेल से संबंधित है?
(अ) फुटबॉल (ब) बेसबॉल
(स) बास्केटबॉल (द) क्रिकेट

20. वर्ष 2018 में इंग्लिश प्रीमियर लीग का खिताब किस टीम ने जीता है?
(अ) लिवरपूल
(ब) मैनचेस्टर सिटी
(स) आर्सेनल
(द) मैनचेस्टर यूनाइटेड

21. मिलोस राउनिक टेनिस में किस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं?
(अ) बेल्जियम (ब) अमेरिका
(स) रूस (द) कनाडा

22. पहला पुरुष टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच किन देशों के बीच खेला गया है?
(अ) ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड
(ब) ऑस्ट्रेलिय-इंग्लैंड
(स) इंग्लैंड-दक्षिण अफ्रीका
(द) न्यूजीलैंड-पाकिस्तान

23. लक्ष्य सेन किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?
(अ) मुक्केबाजी (ब) बैडमिंटन
(स) तीरंदाजी (द) टेनिस

24. आईपीएल में एक टीम में अधिकतम कितने विदेशी खिलाड़ी खेल सकते हैं?
(अ) चार (ब) तीन
(स) पांच (द) इनमें से कोई नहीं

25. वर्ष 2016 में फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप किस खिलाड़ी ने जीती थी?
(अ) सबेस्टियन वेटल
(ब) लुईस हैमिल्टन
(स) निको रोसबर्ग
(द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर

1. (ब), 2. (अ), 3. (ब), 4. (द), 5. (स), 6. (ब), 7. (स), 8. (ब), 9. (अ), 10. (द), 11. (अ), 12. (स), 13. (द), 14. (ब), 15. (स), 16. (ब), 17. (अ), 18. (स), 19. (अ), 20. (ब), 21. (द), 22. (अ), 23. (ब), 24. (अ), 25.(स)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

सामान्य गणित

1. 5 व्यक्तियों के समूह में, 4 व्यक्तियों ने अपनी खरीदारी पर 500 रुपये (प्रत्येक ने) खर्च किए और शेष एक ने 5 व्यक्तियों के औसत व्यय से 100 रुपए अधिक खर्च किए। उनकी खरीददारी का कुल खर्च ज्ञात कीजिए?
(a) 2700 रुपये
(b) 2525 रुपये
(c) 2725 रुपये
(d) 2625 रुपये

उत्तर (d) 2625 रुपये

व्याख्या - मान लेते हैं कि 5 व्यक्तियों का औसत व्यय x रुपए है। प्रश्नानुसार

$\Rightarrow \{(500\times4)+x+100\}/5 = x$

$\Rightarrow x = 525$

$\therefore$ सभी पाँच व्यक्तियों का कुल खर्च $= 525\times5 = 2625$ रुपये।

2. 18, 20, 32, 8, x, 9 और 13 का औसत 17 है। x का मान क्या है?
(a) 21 (b) 19
(c) 18 (d) 16

उत्तर (b) 19

व्याख्या - संख्याओं का औसत = संख्याओं का योग/कुल संख्याएं

$(18+20+32+8+x+9+13)/7 = 17$

$100 + x = 119$

$x = 19$

3. पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार, राजस्थान और हरियाणा में एक वर्ष में कर्क रोग के कारण मौतों की औसत संख्या 740 है। यदि उत्तरप्रदेश और बिहार में कुल 1645 व्यक्तियों की मृत्यु हुई और मध्यप्रदेश और हरियाणा में मौतों की औसत संख्या 695 है, तब राजस्थान में मौतों की संख्या ज्ञात कीजिए?
(a) 685
(b) 655
(c) 665
(d) 695

उत्तर (c) 665

व्याख्या - 5 राज्यों में मौतों की कुल संख्या $= 740\times5 = 3700$

उत्तरप्रदेश और बिहार में एकत्रित रूप से कुल 1645 व्यक्तियों की मृत्यु हुई।

मध्यप्रदेश और हरियाणा में मौतों की कुल संख्या $= 695\times2 = 1390$

$\therefore$ राजस्थान में मौतों की संख्या = 3700 - 1645 - 1390 = 665

4. 273965 में 3 के स्थानीय मान और अंकित मान के बीच का अंतर कितना है?
(a) 2035 (b) 3962
(c) 0 (d) 2997

उत्तर (d) 2997

व्याख्या - 273965 में 3 का स्थानीय मान = 3000

और 273965 में 3 का अंकित मान = 3

$\therefore$ आवश्यक अंतर = 3000 - 3 = 2997

5. 3 अंकीय कितनी संख्याएं 7 द्वारा विभाज्य हैं?
(a) 125
(b) 126
(c) 127
(d) 128

उत्तर (d) 128

व्याख्या - 7 द्वारा विभाज्य 3 अंकीय संख्याएं हैं : 105, 112, 119 994

यह एक समांतर श्रेणी श्रृंखला है जिसमें पहला पद, a = 105, अंतर, d = 7 और आखिरी पद $T_n = 994$

$\Rightarrow T_n = a+(n-1)\times d$

$\Rightarrow 994 = 105+(n-1)\times7$

$\Rightarrow (n-1)\times7 = 889$

$\Rightarrow n-1 = 127$

$\therefore n = 128$ तीन अंकीय संख्याएं 7 द्वारा विभाज्य हैं।

6. x, 94 प्रश्नों का उत्तर देता है और 141 अंक प्राप्त करता है। यदि प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक दिए जाते हैं, और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक काट लिया जाता है, तो x द्वारा दिए गए गलत उत्तरों की संख्या है?
(a) 47 (b) 40
(c) 57 (d) 45

उत्तर (a) 47

व्याख्या - माना सही उत्तरों की संख्या M है तो गलत उत्तरों की संख्या 94 - M होगी

$\Rightarrow 4\times M-(94-M) = 141$

$\Rightarrow 5M = 235$

$\Rightarrow M = 47$

$\therefore$ उसने 47 प्रश्नों के उत्तर दिए।

7. 629 के घनमूल और 1846 के घनमूल के बीच प्राकृतिक संख्याओं का योग ज्ञात कीजिये?
(a) 42 (b) 27
(c) 30 (d) 33

उत्तर (a) 42

व्याख्या - 629 का घनमूल = 8.568

1846 का घनमूल = 12.267

इसलिए, उनके बीच प्राकृतिक संख्याएँ 9, 10, 11 और 12 हैं

$\therefore$ योग = 9 + 10 + 11 + 12 = 42

8. एक संख्या को 24 से विभाजित किये जाने पर शेषफल 16 प्राप्त होता है, 28 से विभाजित किए जाने पर शेषफल 20 प्राप्त होता है और 15 से विभाजित किए जाने पर शेषफल 7 प्राप्त होता है संख्या ज्ञात कीजिये?
(a) 836 (b) 832
(c) 824 (d) 840

उत्तर (b) 832

व्याख्या - भागफल का समान अंतर :

$\Rightarrow 24-16 = 8$

$\Rightarrow 28-20 = 8$

$\Rightarrow 15-7 = 8$

(24, 28, 15) का लघुत्तम समापवर्त्य = 840

$\therefore$ संख्या = 840 - 8 = 832

9. व्यंजक में शेषफल ज्ञात कीजिये :

$$\frac{557\times653\times672}{9} = ?$$

(a) 0
(b) 3
(c) 5
(d) 6

उत्तर (d) 6

व्याख्या - दिया गया है,

$$\frac{557\times653\times672}{9}$$

(557/9), तब शेषफल = 8

(653/9), तब शेषफल = 5

(672/9), तब शेषफल = 6

अब, $(8\times5\times6)/9 = 240/9$

यदि (240/9), तब शेषफल = 6

$\therefore$ शेषफल 6 है।

10. 13 प्राकृतिक संख्याओं का औसत 11 है। तो अंतिम 11 संख्याओं का अधिकतम औसत क्या हो सकता है?
(a) 12 (b) 145/11
(c) 141/11 (d) 13

उत्तर (c) 141/11

व्याख्या - 13 प्राकृतिक संख्याओं का औसत = 11

$\therefore$ 13 संख्याओं का योग $= 13\times11 = 143$

अंतिम 11 संख्याओं का योग = 13 संख्याओं का योग - पहले 2 संख्याओं का योग

अंतिम 11 संख्याओं का अधिकतम योग = 143 - 2 = 141

($\therefore$ पहले और दूसरे पद का कम से कम मान 1 हो सकता है)

$\therefore$ अधिकतम औसत = 141/11

11. एक क्रिकेट के खेल के 43 ओवर में रनों की दर 5 रन/ओवर थी। 285 रनों तक पहुँचने के लिए शेष 7 ओवर में कितने रन की दर की आवश्यकता है?
(a) 10.6 (b) 11.6
(c) 10 (d) 9.4

उत्तर (c) 10

व्याख्या - प्रथम 43 ओवर में रन = $5\times43 = 215$

आवश्यक रन = 285 - 215 = 70

$\therefore$ आवश्यक रन की दर = 70/7 = 10

12. एक वस्तु का अंकित मूल्य 6800 रुपए है। यदि 12% और 20% की दो क्रमागत छूट दी जाती हैं। तब वस्तु का विक्रय मूल्य (रुपये में) क्या होगा?
(a) 4787.2 (b) 4624
(c) 4460 (d) 4524

उत्तर (a) 4787.2

व्याख्या - प्रारंभिक अंकित मूल्य = 6800

प्रारंभिक छूट = 12%

प्रारंभिक विक्रय मूल्य = 6800 - 0.12 $\times$ 6800 = 5984

नया अंकित मूल्य = 5984

नयी छूट = 20%

$\Rightarrow$ अंतिम विक्रय मूल्य = 5984 - 0.2 $\times$ 5984 = 4787.2

$\therefore$ विक्रय मूल्य = 4787.2 रुपए

13. एक टायर को 20%, 30% और 20% की तीन क्रमिक छूट पर बेचा जाता है। कुल छूट (प्रतिशत में) क्या होगी?
(a) 62.8 (b) 59.6
(c) 55.2 (d) 51.4

उत्तर (c) 55.2

व्याख्या - माना टायर का अंकित मूल्य 'x' रुपए है

पहली छूट के बाद मूल्य = x - x का 20% = x - $0.2x = 0.8x$

दूसरी छूट के बाद मूल्य = $0.8x$ - $0.8x$ का 30% = $0.8x - 0.24x = 0.56x$

तीसरी छूट के बाद मूल्य = $0.56x$ - $0.56x$ का 20% = $0.56x - 0.112x = 0.448x$

$\Rightarrow$ कुल छूट = $x - 0.448x = 0.552x$

$\therefore$ कुल छूट प्रतिशत = $0.552x/x\times100$ = 55.2%

14. चार संख्याओं का औसत 15 है। यदि पहली तीन संख्याओं का औसत चौथी संख्या का तीन गुना है, तो चौथी संख्या ज्ञात कीजिये?
(a) 4 (b) 5
(c) 6 (d) 7

उत्तर (c) 6

व्याख्या - माना कि संख्याएँ 'a', 'b', 'c' और 'd' हैं।

दिया गया है, $(a+b+c+d)/4 = 15$

$\Rightarrow a+b+c+d = 15\times4 = 60$ ..... (1)

अब,

a, b और c का औसत = d का 3 गुना

$\Rightarrow (a+b+c)/3 = 3d$

$\Rightarrow a+b+c = 9d$ .....(2)

समीकरण (2) और समीकरण (1) में रखने पर

$\Rightarrow 9d+d = 60$

$\Rightarrow 10d = 60$

$\Rightarrow d = 60/10 = 6$

$\therefore$ चौथी संख्या = d = 6

15. यदि x और y का औसत 200 है, y और z का औसत 238.5 और x और z का औसत 152.5 है। तो x, y और z का औसत ज्ञात कीजिये?
(a) 161 (b) 173
(c) 197 (d) 215

उत्तर (c) 197

व्याख्या - दिया गया है, $(x+y)/2 = 200$

$\Rightarrow x+y = 400$ ..... (1)

साथ ही, $(y+z)/2 = 238.5$

$\Rightarrow y+z = 477$ ..... (2)

साथ ही, $(x+z)/2 = 152.5$

$\Rightarrow x+z = 305$ ..... (3)

सभी समीकरणों को हल करने पर,

$\Rightarrow 2(x+y+z) = 400+477+305$

$\Rightarrow x+y+z = 1182/2 = 591$

$\Rightarrow (x+y+z)/3 = 591/3 = 197$

$\therefore$ आवश्यक औसत 197 है

16. एक व्यक्ति ने कुछ कमीजें और एक जींस खरीदी परंतु जींस के मूल्य का भुगतान नहीं किया। यदि एक कमीज और एक जींस का मूल्य 400 रुपए और 600 रुपए है और एक कमीज का विक्रय मूल्य 550 रुपए है, तो व्यक्ति द्वारा खरीदी गई कमीजों की संख्या ज्ञात कीजिए, यदि दुकानदार ने 10% लाभ प्राप्त किया?
(a) 5
(b) 6
(c) 7
(d) 8

उत्तर (b) 6

व्याख्या - माना कि व्यक्ति ने 'x' कीमजें खरीदीं :

$\therefore 1.1\times(400x+600) = 550x$

$\Rightarrow 440x+660 = 550x$

$\Rightarrow 110x = 660$

$\Rightarrow x = 6$

$\therefore$ व्यक्ति ने 6 कमीजें खरीदीं

17. एक प्राथमिक विद्यालय में, छात्रों की औसत आयु 8 वर्ष और 12 शिक्षकों की औसत आयु 45 वर्ष है। यदि सभी की औसत आयु 9 साल है, तो छात्रों की संख्या क्या है?
(a) 432
(b) 540
(c) 408
(d) 416

उत्तर (a) 432

व्याख्या - माना कि छात्रों की संख्या 'x' है।

$\Rightarrow$ सभी छात्रों की आयु का योग = $8x$

$\Rightarrow$ शिक्षकों की आयु का योग = 540

सभी का औसत;

$\Rightarrow$ (छात्रों की आयु का योग + शिक्षकों की आयु का योग)/$(x+12) = 9$

$\Rightarrow 8x+540 = 9x+108$

$\Rightarrow 9x-8x = 540-108$

$\Rightarrow x = 432$

$\therefore$ कुल छात्रों की संख्या = x = 432

18. 5 क्रमागत विषम संख्याओं का योग अंतिम संख्या से 48 अधिक है। पहली और दूसरी संख्या का औसत क्या है?
(a) 20
(b) 15
(c) 10
(d) 12

उत्तर (c) 10

व्याख्या - माना पहली संख्या x है।

तो, अन्य संख्या क्रमशः $(x+2)$, $(x+4)$, $(x+6)$ और $(x+8)$ होगी

प्रश्नानुसार

$x+x+2+x+4+x+6+x+8 = x+8+48$

$\Rightarrow x = 9$

पहली संख्या 9 होगी

$\therefore$ पहली और दूसरी संख्या का औसत = $(9+11)/2 = 10$

19. दिनेश 180 रुपये प्रति दर्जन की दर से 10 दर्जन सेब खरीदता है। उसने उनमें से प्रत्येक को 19.5 रुपये की दर से बेचा। दिनेश का लाभ (प्रतिशत में) क्या है?
(a) 30
(b) 15
(c) 18
(d) 25

उत्तर (a) 30

व्याख्या - कुल क्रय मूल्य $= 10\times180 =$ 1800 रु.

कुल विक्रय मूल्य $= 10\times12\times19.5 =$ 2340 रु.

$\therefore$ लाभ % = {(वि.मू. - क्र.मू.)/ क्र.मू.} $\times$ 100 = {(2340--1800)/ 1800} $\times$ 100 = 30%

20. एक शहर की जनसंख्या 40,000 थी। इसमें 5% की दर से वृद्धि हुई। अब जनसंख्या कितनी होगी?
(a) 46,000 (b) 46,500
(c) 42,600 (d) 42,000

उत्तर (d) 42,000

व्याख्या - एक शहर की जनसंख्या = 40,000

जनसंख्या में 5% की वृद्धि होने पर,

$\Rightarrow$ जनसंख्या में वृद्धि $= \frac{5}{100}\times40{,}000 = 2000$

कुल वर्तमान जनसंख्या = पिछली जनसंख्या + वृद्धि = 40,000 + 2,000 = 42,000

21. एक ट्रेन की औसत गति ज्ञात कीजिये, यदि यह पहले 5 घंटे में 680 किमी और फिर अगले 10 घंटे में 940 किमी की यात्रा करती है?
(a) 108 किमी/घंटा
(b) 110 किमी/घंटा
(c) 105 किमी/घंटा
(d) 100 किमी/घंटा

उत्तर (a) 108 किमी/घंटा

व्याख्या - कुल दूरी की यात्रा = 680 + 940 = 1620 किमी

कुल समय = 5 + 10 = 15 घंटा

$\therefore$ औसत गति = 1620/15 = 108 किमी/घंटा

- साहिल शर्मा
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

मध्यप्रदेश प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के पाठ्यक्रम में बाल विकास एवं शिक्षा शास्त्र, भाषा, गणित एवं पर्यावरण अध्ययन को सम्मिलित किया गया है। उक्त परीक्षा के विगत वर्ष के प्रश्नपत्रों को दृष्टिगत रखते हुए कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न व्याख्या सहित प्रस्तुत किये जा रहे हैं।

1. निम्न में से सही जोड़ा नहीं है :-
(A) प्रयोगात्मक मनोविज्ञान - वुण्ट
(B) तलरूप सिद्धान्त - लेविन
(C) खेल प्रणाली जनक - कोहलर
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तरः (C)
व्याख्या - फ्रीड्रिक फ्रोबेल (1782-1852) पहले शिक्षाशास्त्री थे, जिन्होंने खेल द्वारा शिक्षा देने की बात कही। उन्होंने किंडरगार्टन की संकल्पना दी।
- वुण्ट ने 1879 में प्रयोगात्मक मनोविज्ञान की प्रयोगशाला स्थापित की। अधिगम का तलरूप सिद्धांत लेविन ने दिया। अन्तर्दृष्टि से सीखने की अवधारणा के प्रतिपादक कोहलर थे।

2. गांधीजी की बुनियादी शिक्षा योजना का नाम था?
(A) साबरमती शिक्षा
(B) वर्धा शिक्षा
(C) नोआखली शिक्षा
(D) पोरबंदर शिक्षा
उत्तरः (B)
व्याख्या - अक्टूबर 1937 में अखिल भारतीय शैक्षिक सम्मेलन वर्धा में गांधीजी ने शिक्षादर्शन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। डॉ. जाकिर हुसैन समिति ने 'वर्धा शिक्षा योजना' को तैयार किया। इसमें स्वावलंबन तथा आत्मनिर्भरता पर जोर दिया गया।

3. बालक के समाजीकरण का प्राथमिक घटक माना गया है?
(A) परिवार (B) स्कूल
(C) कॉलेज (D) क्रीड़ांगन
उत्तरः (A)
व्याख्या - समाजीकरण प्रक्रिया नवजात शिशु को सामाजिक प्राणी बनाती है। संस्कृति का हस्तांतरण भी समाजीकरण द्वारा होता है।

4. बुद्धि के एककारक सिद्धांत के प्रतिपादक हैं?
(A) थामसन (B) बिने
(C) स्पीयरमैन (D) कोहलर
उत्तरः (B)
व्याख्या - फ्रांसीसी मनोवैज्ञानिक अल्फ्रेड बिने के एककारक सिद्धांत के अनुसार बुद्धि वह शक्ति है जो समस्त मानसिक कार्यों को प्रभावित करती है। स्पीयर ने द्विकारक सिद्धांत दिया। थार्नडाइक ने बहुकारक सिद्धांत प्रस्तुत किया।

5. मनोविज्ञान की दृष्टि से सीखने का अर्थ है?
(A) व्यवहार में सुधार
(B) व्यवहार में वांछित परिवर्तन
(C) विषयवस्तु का ज्ञान
(D) विषयवस्तु को रटना
उत्तरः (B)
व्याख्या - शिक्षा के द्वारा मानव व्यवहार में परिवर्तन किया जाता है तथा मानव व्यवहार का अध्ययन ही मनोविज्ञान है।

6. मनोविज्ञान में अध्ययन की सर्वश्रेष्ठ विधि है?
(A) अन्तर्दर्शन
(B) प्रयोग विधि
(C) परीक्षण - निरीक्षण
(D) प्रश्नावली विधि
उत्तरः (B)
व्याख्या - नियंत्रित परिस्थितियों में व्यक्ति के व्यवहार का अध्ययन प्रयोग विधि है। 1860 में गुस्ताव थिओडोर फेचनर प्रयोगात्मक के उपयोग में अग्रणी में से एक थे।

7. बघेली बोली का संबंध किस उपभाषा से है?
(A) पूर्वी हिन्दी
(B) पश्चिमी शाखा
(C) पहाड़ी
(D) बिहारी
उत्तरः (A)

8. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए?
(A) अष्ठ (B) दृष्य
(C) स्मृती (D) त्योहार
उत्तरः (D)
व्याख्या - शुद्ध हैं क्रमशः अष्ट, दृश्य, स्मृति।

9. स्वर संधि का उदाहरण है?
(A) पवन (B) नमस्कार
(C) मनोहर (D) संयोग
उत्तरः (A)

10. निर्वाह में प्रयुक्त उपसर्ग है?
(A) निर (B) निर्वा
(C) निरि (D) निः
उत्तरः (A)
व्याख्या - उपसर्ग शब्दों के आदि (प्रारंभ) में जुड़कर अर्थ में विशेषता लाते हैं-
जैसे - निर + वाह = निर्वाह।

11. नीलकंठ में समास है?
(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरुष
(C) बहुव्रीहि (D) द्वंद्व समास
उत्तरः (C)
व्याख्या - समास के 06 मुख्य भेद हैं। बहुव्रीहि समास वाले शब्द कोई तीसरा अर्थ व्यक्त करते हैं जैसे नीलकंठ अर्थात शिव। लंबोदर = गणेश। दशानन = रावण।

12. योगरूढ़ शब्द है?
(A) चावल (B) विज्ञान
(C) राजपुत्र (D) जलज
उत्तरः (D)
व्याख्या - रचना के आधार पर शब्द 03 प्रकार के होते हैं - रूढ़, यौगिक तथा योगरूढ़ शब्द। वे शब्द जो यौगिक होते हैं किन्तु जिनका अर्थ विशेष हो जाता है योगरूढ़ शब्द हैं, जैसे जलज अर्थात कमल।

13. कौआ का पर्यायवाची है?
(A) वायस (B) कोप
(C) यासव (D) व्योम
उत्तरः (A)

14. His father is ..... M.L.A.
(A) A
(B) An
(C) The
(D) None of those
उत्तरः (B)
व्याख्या - A या An का मतलब है, बहुत से कोई एक जिसे हम नहीं जानते जैसे - A Book, A cow आदि।

15. He ..... this work since morning.
(A) is doing
(B) have done
(C) has been doing
(D) does not
उत्तरः (C)
व्याख्या - Present perfect continuous tense में plural subject के साथ Have been तथा Singular के साथ Has been का प्रयोग करते हुए मुख्य क्रिया के साथ ing का प्रयोग करते हैं। He singular है अतः has been doing का प्रयोग व्याकरण सम्मत है।

16. The Principal with his teacher ..... come.
(A) Have (B) Has
(C) Was (D) Were
उत्तरः (B)
व्याख्या - वाक्य में The Principal एकवचन (Singular) है, अतः Has का प्रयोग होगा।

17. I am used to ..... Late.
(A) sleeps (B) sleeping
(C) sleep (D) slept
उत्तरः (C)
व्याख्या - वर्तमान या पुरानी आदत को बताने के लिए Used to का प्रयोग होता है।

18. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए?

(A) 606 (B) 807
(C) 498 (D) 598
उत्तरः (A)
व्याख्या- $3^2+4^2=9+16=25 \times 3=75$
$6^2+7^2=36+49=85 \times 3=255$
$9^2+11^2=81+121=202 \times 3=606$ अतः उत्तर 606 होगा।

19. जैव घटक में नहीं आता -
(A) सूर्य प्रकाश
(B) उत्पादन
(C) उपभोक्ता
(D) अपघटनकर्ता
उत्तरः (A)
व्याख्या - वनस्पति एवं जन्तु तंत्र के जैविक घटक को निम्न 03 भागों में बांटा गया है -
1. उत्पादक (जैसे हरे पौधे)
2. उपभोक्ता (जैसे परपोषी जन्तु)
3. अपघटक (जैसे - जीवाणु)

20. वायु प्रदूषण के लिये संकेतक हैं?
(A) शैवाल, लिवरवर्ट्स
(B) लाइकेन
(C) जीवाणु - विषाणु
(D) नीम - करेला
उत्तरः (B)
व्याख्या - लाइकेन वायु प्रदूषित क्षेत्रों में विलुप्त हो जाते हैं। सल्फर डाइऑक्साइड की सूक्ष्म मात्राओं का इनकी वृद्धि पर दुष्प्रभाव पड़ता है।

21. निम्न में से गलत जोड़ा है -
(A) इकोमार्क-पर्यावरण मित्र उत्पाद
(B) रामसर सम्मेलन-नम भूमि संरक्षण
(C) ओजोन परत - समताप मण्डल
(D) पारिस्थितिकी तंत्र - डार्विन
उत्तरः (D)
व्याख्या - वर्ष 1935 में टान्सले ने पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) की संकल्पना को प्रस्तावित किया।

22. 'डाबसन' इकाई संबंधित है -
(A) ध्वनि से
(B) ओजोन से
(C) नाइट्रोजन से
(D) कोरोना से
उत्तरः (B)
व्याख्या - डाबसन यूनिट ओजोन की मात्रा के मापन में प्रयुक्त होता है। ओजोन संरक्षण दिवस 16 सितम्बर को मनाया जाता है।

23. निम्न में अलग है -
(A) 125 (B) 144
(C) 169 (D) 225
उत्तरः (A)
व्याख्या - $12^2=144$
$13^2=169$
$15^2=225$ अतः उत्तर A होगा।
$125 \neq (\text{पूर्णांक})^2$

24. दो संख्याएं किसी तीसरी संख्या से क्रमशः 20% तथा 50% अधिक हैं। पहली संख्या दूसरी संख्या का कितने प्रतिशत है?
(A) 50% (B) 80%
(C) 130% (D) 120%
उत्तरः (B)
व्याख्या - माना तीसरी संख्या = 100
तो पहली संख्या = 120
दूसरी संख्या = 150
अभीष्ट प्रतिशत
$=\frac{120}{150}\times 100=80\%$

25. एक अर्द्धगोलाकार पात्र में जिसकी त्रिज्या 21 सेमी है, लगभग कितने लीटर पानी आयेगा?
(A) 194 लीटर
(B) 19.4 लीटर
(C) 488 लीटर
(D) 25.4 लीटर
उत्तरः (B)
व्याख्या - अर्द्धगोलाकार आयतन $=\frac{2}{3}\pi r^3$
$\therefore \frac{2}{3}\times\frac{22}{7}\times 21\times 21\times 21$
$=44\times 441=19404$ सेमी^{3}
$=\frac{19404}{1000}=19.4$ लीटर

26. एक वर्ग की प्रत्येक भुजा में 50% बढ़ोत्तरी होने पर क्षेत्रफल में प्रतिशत वृद्धि होगी -
(A) 200 ×
(B) 25%
(C) 125%
(D) 225%
उत्तरः (C)
व्याख्या - सूत्र
(1) वर्ग का परिमाप = भुजा × 4
(2) वर्ग का क्षेत्रफल=(भुजा)^2= $\frac{(\text{विकर्ण})^2}{2}$
हल- वर्ग की प्रत्येक भुजा = x
वृद्धि पश्चात भुजा $=\frac{3x}{2}$
पहला क्षेत्रफल $=x^2$
नया क्षेत्रफल $=\frac{9x^2}{4}$
वृद्धि $=\frac{9x^2}{4}-x^2=\frac{5}{4}x^2$
प्रतिशत वृद्धि $=\frac{5x^2}{4}\times\frac{1}{x^2}\times 100$
$=125\%$

27. विलोम शब्दों के युग्म में गलत है?
(A) क्षणिक = शाश्वत
(B) दुर्दान्त = शान्त
(C) ऊर्ध्व = नीचे
(D) कुसुम = वज्र
उत्तरः (C)
व्याख्या - ऊर्ध्व का विलोम निम्न तथा ऊपर का विलोम नीचे होगा।

28. निम्न में गलत जोड़ा है -
(A) ओज = सृष्टि
(B) अम्बर = आसमान
(C) किरण = प्रभा
(D) अश्व = घोड़ा
उत्तरः (A)

जितेन्द्र सिंह भदौरिया
(लेखक, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधी लेखन करते हैं।)

सूदखोरों पर कार्यवाही के लिये बनाया अजजा ऋण विमुक्ति अधिनियम

श्योपुर, सूदखोरों पर कार्यवाही करने के लिये अनुसूचित-जनजाति ऋण विमुक्ति अधिनियम-2020 बनाया गया है। अधिनियम के अंतर्गत 15 अगस्त, 2020 तक के नियम विरुद्ध तरीके से दिये गये कर्जों को माफ करने की व्यवस्था की गई है। क्रांतिकारी बिरसा मुण्डा का जन्मदिन आदिवासी गौरव दिवस के रूप में मनाया जायेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने श्योपुर जिले के आदिवासी विकासखंड कराहल के गांव बरगवां में सहरिया जन-चौपाल में संवाद करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सहरिया समुदाय के व्यक्तियों ने जो सूदखोरों के यहाँ गिरवी रखा है, उसे वापस करना होगा। वापस नहीं करने पर 3 साल की सजा होगी। उन्होंने कहा कि कलेक्टरों की जवाबदारी है कि सभी पात्र लोगों को इस कानून का लाभ दिलायें। श्री चौहान ने कहा कि गलत काम करने वाले बख्शे नहीं जायेंगे।

आदिवासी गौरव दिवस

श्री चौहान ने कहा कि क्रांतिकारी बिरसा मुण्डा का जन्मदिन दीपावली पर आदिवासी गौरव दिवस के रूप में मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि बिरसा मुण्डा ने अंग्रेजों को भारत से बाहर करने और अन्याय एवं अत्याचार के खिलाफ जबरदस्त लड़ाई लड़ी थी।

श्री चौहान ने कहा कि किसान सम्मान-निधि योजना में मुख्यमंत्री कल्याण-निधि योजना जोड़ी गई है। इससे किसानों को 10 हजार रुपये मिलेंगे। उन्होंने कहा कि पौन एकड़ जमीन पर भी योजना का लाभ दिया जायेगा, छूटे हुए नाम जोड़े जायेंगे।

श्री चौहान ने कहा कि श्योपुर जिले में 7 हजार खाद्यान्न पात्रता पर्ची जारी की गई हैं। इन पर्चियों में से जो वंचित रह गये हैं, उनके नाम सर्वे करा कर जोड़े जायेंगे। उन्होंने कहा कि गरीबी रेखा की सूची में अमीर लोगों के नाम हों, तो उन्हें हटाएं। श्री चौहान ने कहा कि अगर राशन दुकान दूर हो, तो इनका युक्ति-युक्तकरण किया जाये।

छात्र-छात्राओं को स्व-सहायता समूहों के माध्यम से गणवेश

मुख्यमंत्री ने जन-चौपाल में सीधा संवाद करते हुए कहा कि स्कूली विद्यार्थियों को किताबें उपलब्ध करा दी गई हैं। आगामी सत्र से इन्हें स्व-सहायता समूहों के माध्यम से गणवेश बनवा कर दिये जायेंगे। मातृ वंदना योजना में 6096 रुपये की राशि दी जा रही है। योजना में 3556 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है। सहरिया परिवार की मुखिया को पोषण-आहार के रूप में एक हजार रुपये की राशि दी जा रही है। सर्वे करा कर सभी पात्र महिलाओं को इसका लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाये। श्री चौहान ने कहा कि अटल प्रोग्रेस-वे के माध्यम से श्योपुर जिले में विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भील जनजाति के लोगों के प्रमाण-पत्र बनाने की दिशा में कार्यवाही की जा रही है। संबल योजना के परिवारों के बच्चों की फीस सरकार भरेगी। सहरिया परिवारों के लिये 100 रुपये बिजली बिल देने की सुविधा दी गई है। उन्होंने विधायक श्री सीताराम आदिवासी की मांग पर डैम, तालाब और सड़क निर्माण का आश्वासन दिया।

चाक घुमाकर बनाये मिट्टी के बर्तन

श्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्राम बरगवां में श्री कल्याण प्रजापति के घर पहुंचकर पहले मिट्टी के बर्तन बनाने की विधि जानी फिर चाक घुमाकर मिट्टी की बोतल बनाई। उन्होंने मिट्टी से बनने वाले बर्तनों से होने वाली आमदनी की भी जानकारी ली।

तमाम परेशानियों के बीच अपने लक्ष्य को पाने का प्रयास हमेशा सफल बनाता है – कौटिल्य

खेल चर्चा

खेलो इंडिया उत्कृष्टता केंद्र में अपग्रेड हुये छह केंद्र

नई दिल्ली, केंद्रीय खेल मंत्रालय ने देश के 6 केंद्रों को खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र के रूप में अपग्रेड करने की मंजूरी प्रदान की है। इन केंद्रों को 67.32 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की जायेगी। खेल मंत्रालय ने मध्यप्रदेश राज्य अकादमी को 19 करोड़ रुपये, पुणे के श्री शिव छत्रपति खेल परिसर को 16 करोड़ रुपये, शिलांग के जवाहरलाल नेहरू खेल परिसर को 8.39 करोड़ रुपये, दमन और दीव के न्यू स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को 8.05 करोड़ रुपये, असम राज्य खेल अकादमी को 7.96 करोड़ रुपये तथा गंगटोक पलजोर स्टेडियम को 7.91 करोड़ रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की है।

ल्यूक रोंची बने न्यूजीलैंड के बल्लेबाजी कोच

ऑकलैंड, न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व विकेट कीपर ल्यूक रोंची को राष्ट्रीय टीम का नया बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। रोंची को पीटर फुल्टन की जगह यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। फुल्टन ने इस वर्ष जुलाई में अपने पद से इस्तीफा दिया था। रोंची वर्ष 2019 के आईसीसी क्रिकेट विश्वकप में भी न्यूजीलैंड टीम के कोचिंग स्टाफ के सदस्य थे। रोंची ने बल्लेबाजी कोच बनाये जाने पर कहा कि मैं इस भूमिका के लिये रोमांचित हूं। रोंची इसी महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली जाने वाली ट्वेंटी-20 सीरीज के साथ अपना कार्यभार संभालेंगे।

दस दिसम्बर से होगा बिग बैश लीग का आगाज

कैनबरा, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने बिग बैश लीग के दसवें सीजन का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। बिग बैश लीग का आगाज 10 दिसम्बर को होबार्ट हैरिकेंस और सिडनी सिक्सर्स के बीच खेले जाने वाले मैच से होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज होने के कारण ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के बड़े नाम इस बार इस प्रतिष्ठित लीग में नहीं खेल पायेंगे। बिग बैश का फाइनल मुकाबला 6 फरवरी 2021 को खेला जायेगा। उल्लेखनीय है कि पिछली बार बिग बैश लीग का खिताब सिडनी सिक्सर्स ने जीता था।

मार्लोन सैमुअल्स ने क्रिकेट से लिया संन्यास

किंग्सटन, वेस्टइंडीज के अनुभवी बल्लेबाज मार्लोन सैमुअल्स ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉनी ग्रेव ने उनके संन्यास की पुष्टि की। ग्रेव ने कहा कि सैमुअल्स ने जून 2020 में ही संन्यास के बारे में बोर्ड को सूचित किया था। सैमुअल्स ने वेस्टइंडीज के लिये 71 टेस्ट, 207 वन-डे और 67 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। सैमुअल्स ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 11 हजार 134 रन बनाये हैं। इनमें 17 शतक और 64 अर्धशतक शामिल हैं। सैमुअल्स दो बार ट्वेंटी-20 क्रिकेट विश्वकप जीतने वाली कैरेबियाई टीम के सदस्य रहे हैं। सैमुअल्स इन दोनों विश्वकप के फाइनल में वेस्टइंडीज की ओर से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। सैमुअल्स ने अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच 14 दिसम्बर 2018 को बांग्लादेश के खिलाफ खेला था।

आईपीएल-2020

मुंबई इंडियंस पांचवीं बार बनी चैंपियन

दुबई, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की गत विजेता मुंबई इंडियंस ने इस बार भी खिताब अपने नाम किया है। मुंबई इंडियंस ने लगातार दूसरी तथा कुल पांचवीं बार यह खिताब जीता है। टूर्नामेंट के फाइनल में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 5 विकेट से हराया। मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले ट्रेंट बोल्ट को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

पहली बार आईपीएल का फाइनल खेल रही दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। ट्रेंट बोल्ट ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले मार्क्स स्टॉयनिस को पहली गेंद पर बोल्ड कर मुंबई को बढ़िया शुरुआत दिलाई। मुंबई ने 22 रन पर 3 विकेट झटककर दिल्ली को दबाव में ला दिया। इसके बाद श्रेयस अय्यर (65) और ऋषभ पंत (56) ने पारी को संभाला। इन दोनों के आउट होने के बाद दिल्ली की टीम बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी। दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवरों में 156 रन बनाये। मुंबई इंडियंस के लिये ट्रेंट बोल्ट ने 3, नाथन कुल्टर नाइल ने 2 तथा जयंत यादव ने 1 विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस को रोहित शर्मा (68) और क्विंटन डिकॉक (20) ने अच्छी शुरुआत दिलाई। इनके अलावा सूर्यकुमार यादव (19) और ईशान किशन (33) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। मुंबई इंडियंस ने 18.4 ओवरों में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

- पांच बार आईपीएल का खिताब जीतने वाली पहली टीम है मुंबई इंडियंस।
- मुंबई इंडियंस ने इससे पहले वर्ष 2013, 2015, 2017 और 2019 में भी खिताब जीता है।
- चेन्नई सुपरकिंग्स 3 बार, कोलकाता नाइट राइडर 2 बार, राजस्थान रॉयल्स, डेक्कन चार्जर और सनराइजर्स हैदराबाद 1-1 बार जीत चुके हैं आईपीएल।
- मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के पांचों खिताब रोहित शर्मा की कप्तानी में जीते हैं।
- रोहित वर्ष 2009 में आईपीएल जीतने वाली डेक्कन चार्जर टीम का हिस्सा रहे हैं।

ट्रेलब्लेजर्स ने जीता महिला आईपीएल

महिला आईपीएल कहे जाने वाले वुमन टी-20 चैलेंज का खिताब ट्रेलब्लेजर्स ने जीता। ट्रेलब्लेजर्स ने फाइनल में दो बार की चैंपियन सुपरनोवा को 16 रनों से हराया। मैच में ट्रेलब्लेजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 118 रन बनाये। ट्रेलब्लेजर्स के लिये कप्तान स्मृति मंधाना ने सर्वाधिक 68 रनों की पारी खेली। सुपरनोवा की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 102 रन ही बना सकी। मैच में पांच विकेट लेने वाली राधा यादव प्लेयर ऑफ द सीरीज बनीं।

महिला क्रिकेटरों को सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट देगा अफगानिस्तान

काबुल, अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुये महिला क्रिकेट टीम बनाने की घोषणा की है। एसीबी ने इस खबर की पुष्टि करते हुये कहा कि बोर्ड ने महिला क्रिकेटर्स के लिये अक्टूबर माह में ट्रेनिंग कैंप आयोजित किया था। इस कैंप में महिलाओं को बल्लेबाजी, गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण तथा फिजिकल फिटनेस की ट्रेनिंग दी। ट्रेनिंग कैंप खत्म होने के बाद बोर्ड ने 25 महिलाओं को सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट देने की घोषणा की। बोर्ड ने कहा कि महिला क्रिकेटर्स को प्रशिक्षित करने के लिये ट्रेनिंग कैंप आयोजित किये जायेंगे। कैंप में प्लेयर्स के परफॉर्मेंस के आधार पर राष्ट्रीय टीम में शामिल किया जायेगा।

माइकल होल्डिंग बने एमसीसी फाउंडेशन के संरक्षक

लंदन, मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज माइकल होल्डिंग को एमसीसी फाउंडेशन का संरक्षक नियुक्त किया है। एमसीसी ने कहा कि इस संस्था का गठन क्रिकेट के जरिये लोगों के जरिये लोगों के जीवन में सुधार लाने के लिये किया गया है। होल्डिंग क्रिकेट में समानता के समर्थक रहे हैं, वे हमेशा चाहते हैं कि यह खेल सभी समुदायों तक पहुंचे। माइकल होल्डिंग ने कहा कि मैं एमसीसी फाउंडेशन के साथ जुड़ने का मौका मिलने से रोमांचित हूं। होल्डिंग ने वेस्टइंडीज के लिये 60 टेस्ट मैचों में 249 विकेट तथा 102 वन-डे मैचों में 142 विकेट लिये हैं।

मेदवेदेव ने पहली बार जीता पेरिस मास्टर्स का खिताब

पेरिस, रूस के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी डेनिल मेदवेदेव ने रोलेक्स पेरिस मास्टर्स का खिताब अपने नाम किया है। मेदवेदेव ने यह खिताब पहली बार जीता है। मेदवेदेव पेरिस मास्टर्स जीतने वाले चौथे रूसी खिलाड़ी बने हैं। मेदवेदेव ने टूर्नामेंट के फाइनल में जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 5-7, 6-4, 6-1 से हराया। ज्वेरेव ने इससे पहले टूर्नामेंट के प्रबल दावेदार माने जा रहे खिलाड़ी राफेल नडाल को सेमीफाइनल में हराकर बाहर किया था। वहीं मेदवेदेव ने कनाडा के मिलोस राओनिक को हराया था।

पेरिस मास्टर्स के फाइनल मैच में ज्वेरेव ने पहले सेट में मेदवेदेव पर दबाव बनाते हुये 7-5 से जीत दर्ज की। इसके बाद मेदवेदेव ने पलटवार करते हुये दूसरे सेट में ज्वेरेव को 6-4 से हराया। तीसरे सेट में मेदवेदेव, ज्वेरेव पर पूरी तरह हावी रहे और 6-1 से जीत दर्ज करने में कामयाब रहे।

- मेदवेदेव के टेनिस कॅरियर का यह तीसरा मास्टर्स-1000 खिताब है।
- मेदवेदेव अपने कॅरियर में अब तक आठ एटीपी खिताब जीत चुके हैं।
- मेदवेदेव से पहले करेन खाचानोव, निकोले डेविडेन्को और मरात साफिन भी जीत चुके पेरिस मास्टर्स खिताब।
- मेदवेदेव ने वर्ष 2019 में दो मास्टर्स-1000 खिताब जीते थे।

ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर भारतीय टीम में शामिल हुये रोहित शर्मा

मुंबई, भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने वाली भारतीय टीम में शामिल किया गया है। रोहित ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टेस्ट टीम में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। रोहित को वन-डे और ट्वेंटी-20 सीरीज में आराम दिया गया है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिये टीम में कुछ परिवर्तन किये हैं। ट्वेंटी-20 टीम में शामिल किये गये युवा स्पिनर वरुण चक्रवर्ती कंधे की चोट के कारण टीम से बाहर हो गये हैं। वरुण की जगह तेज गेंदबाज टी. नटराजन टीम में शामिल किये गये हैं। बीसीसीआई ने संजू सैमसन को वन-डे टीम में अतिरिक्त विकेट कीपर के रूप में शामिल किया है। संजू ट्वेंटी-20 टीम में भी शामिल हैं।

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान

विराट कोहली टेस्ट सीरीज का पहला मैच खेलने के बाद स्वदेश लौट आयेंगे। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा कि विराट को पैटरनिटी लीव दी गई है। हालांकि बीसीसीआई ने विराट के हटने के बाद भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान कौन होगा इसकी जानकारी नहीं दी है। अजिंक्य रहाणे अभी भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम के उपकप्तान हैं, वहीं रोहित वन-डे और ट्वेंटी-20 के उपकप्तान हैं।

राफेल नडाल

एक हजार मैच जीतने वाले चौथे खिलाड़ी

पेरिस, स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने एक अनोखी उपलब्धि अपने नाम की है। नडाल ने टेनिस के ओपन एरा में एक हजार एटीपी मैच जीतने का कारनामा किया है। यह कारनामा करने वाले नडाल विश्व के चौथे खिलाड़ी बन गये हैं। राफेल ने पेरिस मास्टर्स टूर्नामेंट में अपने हमवतन खिलाड़ी फेलिसियानो लोपेज को हराकर यह उपलब्धि हासिल की।

राफेल नडाल ने कहा कि हजार जीत का मतलब है कि मेरा कॅरियर सफल रहा है। हजार मैच जीतने के लिये कॅरियर लंबा होना चाहिये। मेरे कॅरियर में काफी परेशानियां आई हैं, मुझे कई बार चोट से जूझना पड़ा है। मुझे जीत से ज्यादा व्यक्तिगत संतुष्टि चाहिये।

20 ग्रैंड स्लैम जीत चुके हैं नडाल

राफेल नडाल ने पिछले कुछ वर्षों में टेनिस में बड़ा मुकाम हासिल किया है।

नडाल अभी विश्व के नंबर दो पुरुष टेनिस खिलाड़ी हैं। नडाल ने अब तक 20 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीते हैं। फ्रेंच ओपन में नडाल का प्रदर्शन लाजवाब रहा है। नडाल के नाम सबसे ज्यादा बार फ्रेंच ओपन खिताब जीतने का रिकॉर्ड है। नडाल ने 13 बार फ्रेंच ओपन, 4 बार यूएस ओपन, 2 बार विम्बलडन तथा एक बार ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता है। नडाल के सबसे बड़े प्रतिद्वंदी रोजर फेडरर ने 20 तथा नोवाक जोकोविच ने 17 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं।

- नडाल ने अपना पहला एटीपी मैच वर्ष 2002 में रेमन डेलगैडो को हराकर जीता था।
- सबसे ज्यादा एटीपी मैच जीतने का रिकॉर्ड अमेरिका के जिमी कॉनर्स के नाम है।
- कॉनर्स ने 1274, रोजर फेडरर ने 1242 तथा इवान लेंडल ने 1068 मैच जीते हैं।
- नडाल ने अब तक कुल 86 एटीपी खिताब जीते हैं।
- मौजूदा दौर में नडाल और फेडरर ही ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने एक हजार से अधिक मैच जीते हैं।

कीरेन पर्किंस बने स्विमिंग ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष

सिडनी, स्विमिंग ऑस्ट्रेलिया ने दो बार के ओलिंपिक चैंपियन कीरेन पर्किंस को अध्यक्ष नियुक्त किया है। वे जॉन बर्टेड की जगह लेंगे। बर्टेड ने स्विमिंग ऑस्ट्रेलिया की वार्षिक बैठक के बाद अपने पद से इस्तीफा दिया था। स्विमिंग ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लेह रसेल ने कहा कि कीरेन की तैराकी के रिकॉर्ड बहुत बड़े हैं। वे स्विमिंग ऑस्ट्रेलिया को आगे ले जायेंगे। उल्लेखनीय है कि कीरेन पर्किंस ने बार्सिलोना ओलिंपिक 1992 तथा अटलांटा ओलिंपिक 1996 में तैराकी की 1500 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते थे। कीरेन तैराकी में 23 अंतर्राष्ट्रीय पदक जीत चुके हैं। कीरेन को वर्ष 2002 में स्पोर्ट्स ऑस्ट्रेलिया हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

जर्मन नेवी युद्धपोत

हिंद महासागर में लगाएगा गश्त

जर्मनी ने चीन को चुनौती देने के लिए अपने युद्धपोत को हिंद महासागर में उतारने का ऐलान किया है। जर्मनी की रक्षा मंत्री अन्नग्रेट क्रांप ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि दुनिया की भलाई के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जर्मन सेना के अधिकारी ऑस्ट्रेलिया की नौसेना के साथ तैनात होंगे और जर्मन नेवी का युद्धपोत महासागर में गश्त लगायेगा। जर्मन युद्धपोत अगले साल तक तैनात होगा।

अमेरिकी चुनाव 2020

जो बाइडेन नए राष्ट्रपति, कमला हैरिस बनीं उप-राष्ट्रपति

अमेरिका के नए राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति की घोषणा हो गई है। रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप को काफी वोटों से पछाड़ते हुये डेमोक्रेटिक पार्टी के जो बाइडेन ने राष्ट्रपति चुनाव अपने नाम किया है। अर्ली वोटिंग की वजह से मतगणना में काफी वक्त लगा। 270 इलेक्टोरल वोट के जादुई आंकड़े को बाइडेन ने पार कर लिया है, खबर लिखे जाने तक एपी एजेंसी के आंकड़ों के अनुसार बाइडेन 290 इलेक्टोरल वोट के साथ ट्रंप (214) से काफी आगे चल रहे हैं। वोट काउंट के अनुसार बाइडेन को 50.8% यानी 7,69,94,475 मत प्राप्त हुए हैं, जबकि 47.5% (7,19,25,299) वोट ट्रंप ने हासिल किए हैं। वहीं उप-राष्ट्रपति के लिये भारतवंशी कमला हैरिस को चुना गया है, हैरिस अमेरिका की पहली वाइस प्रेसीडेंट होंगी। हैरिस की मां श्यामला गोपालन भारत की थीं जबकि पिता डोनाल्ड हैरिस जमैका से थे। हैरिस पहलीं अश्वेत महिला हैं जो अमेरिका में इस पद तक पहुंची हैं।

- **अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति बनेंगे बाइडेन।**
- **राष्ट्रपति बनने के लिये 270 इलेक्टोरल वोट (बहुमत) की होती है जरूरत।**
- **अमेरिका की पहली महिला उप-राष्ट्रपति बनेंगी कमला हैरिस।**

भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के नए राष्ट्रपति को बधाई देते हुए कहा कि "जो बाइडेन आपकी शानदार जीत पर बधाई! उप राष्ट्रपति के रूप में भारत-अमेरिकी संबंधों को मजबूत करने में आपका योगदान महत्वपूर्ण एवं अमूल्य रहा है। मैं भारत-अमेरिकी संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए निकटतापूर्वक एक साथ मिलकर काम करने की फिर से आशा करता हूं।" वहीं उप-राष्ट्रपति को बधाई देते हुए श्री मोदी ने कहा कि "कमला हैरिस को हार्दिक बधाइयां! आपकी सफलता अभूतपूर्व है और यह न केवल आपके चिट्ठियों के लिए, बल्कि सभी भारतीय-अमेरिकियों के लिए भी अत्यंत गर्व का विषय है। मुझे विश्वास है कि आपके समर्थन और नेतृत्व से सशक्त भारत-अमेरिकी संबंध और भी अधिक मजबूत होंगे।"

15वें वित्त आयोग ने राष्ट्रपति को सौंपी रिपोर्ट

15वें वित्तीय आयोग ने अध्यक्ष श्री एन.के. सिंह के नेतृत्व में वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक की अवधि के लिए अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपी। इस दौरान आयोग के सदस्य श्री अजय नारायण झा, प्रो. अनूप सिंह, डॉ. अशोक लाहिड़ी, डॉ. रमेशचंद और आयोग के सचिव श्री अरविंद मेहता भी साथ थे। यह रिपोर्ट चार खंडों में तैयार की गई है। खण्ड I और खण्ड II में विगत की तहत मुख्य रिपोर्ट और उसके साथ के अनुलग्नक संलग्न हैं। खण्ड III केंद्र सरकार को समर्पित है और इसमें मध्यम अवधि की चुनौतियों और आगे के रोडमैप के साथ प्रमुख विभागों की गहराई से जांच की गई है। खण्ड IV पूरी तरह से राज्यों के लिए समर्पित है। आयोग ने बड़ी गहराई से प्रत्येक राज्य के वित्त का विश्लेषण किया है और प्रत्येक राज्य के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों का समाधान करने के लिए राज्य विशिष्ट विचार-विमर्श को दर्शाया गया है। पिछले साल आयोग ने वर्ष 2020-21 के लिए अपनी सिफारिशों वाली रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। जिसे केन्द्र सरकार ने स्वीकार कर लिया था और यह रिपोर्ट 30 जनवरी, 2020 को संसद के पटल पर रखी गई थी।

माली में फ्रांस की स्पेशल फोर्स ने अलकायदा के आतंकी मारे

फ्रांस ने आतंक के खिलाफ कार्यवाही करते हुए स्पेशल फोर्स के जरिए आतंकी संगठन अलकायदा के लगभग 50 आतंकियों को मार गिराया। स्पेशल फोर्स ने आतंकियों के ठिकानों पर हवाई हमले किए। हमले के दौरान आतंकियों के उपकरण और हथियारों को जप्त कर लिया गया। ज्ञात रहे कि फ्रांस ने वर्ष 2014 में साहेल क्षेत्र में आतंकवादियों से लड़ने के लिए ऑपरेशन बरखाने चलाया था। इस अभियान को 2017 में जी 5 साहेल की स्थापना द्वारा दोबारा शुरू किया गया।

मिशन सागर-II

आईएनएस ऐरावत खाद्यान्न लेकर पहुंचा सूडान

भारत सरकार प्राकृतिक आपदाओं और कोविड-19 महामारी से उबरने में मित्र देशों को सहायता प्रदान कर रही है। इसी के अनुरूप आईएनएस ऐरावत 'मिशन सागर-II' के तहत सूडान के लोगों के लिए 100 टन खाद्यान्न सहायता की एक खेप लेकर गया है। मिशन सागर-II मई-जून 2020 में संपन्न किए गए प्रथम 'मिशन सागर' का अनुसरण करता है। प्रथम 'मिशन सागर' के तहत भारत ने मालदीव, मॉरीशस, सेशेल्स, मेडागास्कर और कोमोरोस को खाद्य सहायता और दवाइयां प्रदान की थीं। मिशन सागर-II के एक अंग के रूप में भारतीय नौसेना जहाज ऐरावत सूडान, दक्षिण सूडान, जिबूती और इरिट्रिया को खाद्यान्न सहायता पहुंचाएगा। मिशन सागर-II, 'सागर' क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह मिशन भारत द्वारा अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ संबंधों के महत्व को रेखांकित करता है और मौजूदा बंधन को और अधिक मजबूत करता है। रक्षा एवं विदेश मंत्रालय और भारत सरकार की अन्य एजेंसियों के साथ नजदीकी समन्वय स्थापित करते हुए भारतीय नौसेना इस मिशन को आगे बढ़ा रही है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का स्वर्ण जयंती वर्ष

डाक विभाग के विशेष कवर का किया गया विमोचन

केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. हर्षवर्धन और डाक, शिक्षा तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री श्री संजय धोत्रे ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) की स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में डाक विभाग के विशेष कवर का विमोचन किया। इस अवसर डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि हमारे वैज्ञानिकों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान के सभी क्षेत्रों, चाहे वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का मामला हो या नैनो टेक्नोलॉजी, डेटा एनालिटिक्स, एस्ट्रो-फिजिक्स, एस्ट्रोनॉमी या आण्विक घड़ी का या फिर कई और क्षेत्र, में अपनी प्रतिभा साबित की है। उन्होंने बताया कि आज भारत का विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में 80 से अधिक देशों के साथ अंतर्राष्ट्रीय सहयोग है। केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ने "प्रधानमंत्री के वैज्ञानिक सामाजिक उत्तरदायित्व के आह्वान" की ओर भी ध्यान दिलाया, जिसमें विज्ञान के प्रत्येक कार्य से लोगों को बेहतर जीवन मुहैया कराने की अपेक्षा की गयी है। श्री संजय धोत्रे ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की उपलब्धियों की सराहना की और कहा कि 'डाक विभाग भी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की अपार उपलब्धियों पर प्रकाश डालने वाला विशेष कवर जारी करके गर्व महसूस कर रहा है।' उन्होंने कहा, 'हमारे वैज्ञानिकों ने भारत के विकास में एक व्यापक हिस्सेदारी निभायी है।' उन्होंने कहा, 'पूरे देश में डाक विभाग की पहुंच होने की वजह से यह विशेष कवर हर किसी को हमारे वैज्ञानिकों द्वारा देश को आगे ले जाने और गरीबों को लाभान्वित करने में निभाई गयी भूमिका की सराहना करने को प्रेरित करेगा।'

- **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग 3 मई, 2020 से 3 मई, 2021 तक अपनी 50वीं वर्षगांठ मना रहा है।**
- **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की स्थापना मई, 1971 में की गई थी।**
- **इसका उद्देश्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के नए क्षेत्रों को बढ़ावा देना और देश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़ी गतिविधियों के आयोजन, समन्वय और बढ़ावा देने के लिए एक नोडल विभाग के रूप में कार्य करना है।**

स्कूली छात्रों के लिए भारत-रूस द्विपक्षीय युवा नवोन्मेषण कार्यक्रम शुरू

अटल नवोन्मेषण मिशन (एआईएम) और एसआईआरआईवूएस, रूस ने भारतीय और रूस के स्कूली छात्रों के लिए 14 दिवसीय वर्चुअल कार्यक्रम एआईएम-एसआईआरआईवूएस नवोन्मेषण कार्यक्रम 3.0 लॉन्च किया। 7-21 नवंबर, 2020 तक चलने वाले इस कार्यक्रम में 48 छात्र और 16 शिक्षक व परामर्शदाता 8 वर्चुअल उत्पाद व मोबाइल एप्लिकेशन बनाएंगे, जो कोविड-19 महामारी के मद्देनजर संस्कृति, दूरस्थ शिक्षा, अप्लाइड कॉग्निटिव साइंस, स्वास्थ्य व कल्याण, खेल, फिटनेस, गेम्स ट्रेनिंग, रसायन विज्ञान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल वित्तीय संपत्तियों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में मदद करेंगे। एआईएम मिशन के निदेशक श्री आर. रमनान ने कहा, "मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि इस साल का कार्यक्रम विज्ञान, तकनीकी और डिजाइन परियोजना में नवोन्मेष और सहयोग को प्रोत्साहित करेगा। यह भारत और रूस के बीच पहला वर्चुअल द्विपक्षीय छात्र सहयोग कार्यक्रम है और इसमें अटल टिंकरिंग लैब और एसआईआरआईवूएस टीम द्वारा प्रतिबद्धता नजर आ रही है।" रूस में विज्ञान और शिक्षा के लिए राष्ट्रपति परिषद की सदस्य और टैलेंट एंड सक्सेस फाउंडेशन की प्रमुख एलीना श्मीलेवा ने कहा, "बिना अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग के आधुनिक विज्ञान की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। खोजें भी अक्सर उन वैज्ञानिकों की टीम द्वारा की जाती हैं जो अलग भाषाएं बोलते हैं मगर उनका लक्ष्य एक होता है। एसआईआरआईवूएस अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम ऐसे अवसर पैदा करने में मदद करते हैं।

वाराणसी

प्रधानमंत्री ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से वाराणसी में 220 करोड़ रुपये की लागत वाली 16 योजनाओं का शुभारंभ किया। वाराणसी में 400 करोड़ रुपये लागत की 14 योजनाओं पर काम पहले ही शुरू हो चुका है।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि वाराणसी में पर्यटन शहर की विकास योजना का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह विकास अपने आप में इस बात का उदाहरण है कि वाराणसी ने किस प्रकार गंगा नदी की सफाई, स्वास्थ्य सेवाएं, सड़क, बुनियादी ढांचा, पर्यटन, बिजली, युवा, खेल और किसान जैसे हर क्षेत्र में विकास की गति हासिल की है। उन्होंने घोषणा की कि गंगा कार्य योजना के तहत सीवेज उपचार संयंत्र परियोजना के नवीनीकरण का काम पूरा हो चुका है।

बिजली के तारों को भूमिगत बिछाने का दूसरा चरण पूरा

प्रधानमंत्री ने कहा कि गंगा नदी के लिए किए गए ये प्रयास काशी के लिए संकल्प भरे और नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करने वाले हैं। धीरे-धीरे यहां घाटों की स्थिति सुधर रही है। उन्होंने कहा कि आज सारनाथ में शुरू किया गया लाइट एंड साउंड कार्यक्रम सारनाथ की भव्यता को बढ़ाएगा।

प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि काशी के अधिकांश हिस्से को बिजली के लटकते तारों की समस्या से भी मुक्त किया जा रहा है।

बिजली के तारों को भूमिगत बिछाने के कार्य का दूसरा चरण पूरा हो गया है।

वाराणसी की कनेक्टिविटी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

प्रधानमंत्री ने जोर दिया कि वाराणसी की कनेक्टिविटी हमेशा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि नए बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जा रहा है ताकि काशी के लोग और पर्यटक यातायात जाम के कारण अपना समय बर्बाद न करें।

स्वास्थ्य सुविधाओं का केंद्र

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 6 वर्षों के दौरान वाराणसी में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे के निर्माण में अभूतपूर्व काम किया गया है। आज न केवल उत्तरप्रदेश बल्कि एक तरह से पूरे पूर्वांचल के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का केंद्र बनता जा रहा है। उन्होंने वाराणसी क्षेत्र में रामनगर स्थित लालबहादुर शास्त्री अस्पताल के आधुनिकीकरण जैसे स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे में किए गए कार्यों को सूचीबद्ध किया।

इन परियोजनाओं का हुआ उद्घाटन

सारनाथ लाइट एंड साउंड शो, लालबहादुर शास्त्री अस्पताल, रामनगर का उन्नयन, सीवर से संबंधित कार्य, गायों की सुरक्षा और संरक्षण, बुनियादी ढांचा सुविधाएं, बहुउद्देशीय बीज भंडार गृह, 100 मीट्रिक टन के कृषि उपज बेयरहाउस, आईपीडीएस चरण 2, सम्पूर्णानंद स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए आवास परिसर, वाराणसी शहर में स्मार्ट लाइटिंग कार्य के साथ-साथ 105 आंगनवाड़ी केंद्रों और 102 गौ-आश्रय केंद्र।

प्रधानमंत्री ने दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज की लोगों को शुभकामनाएं दी हैं और उनसे अनुरोध किया है कि वे दीपावली के लिए 'लोकल' सामान को बढ़ावा दें और 'लोकल' सामानों का भी गर्व के साथ प्रचार करें, इससे स्थानीय पहचान मजबूत होगी।

(सौजन्य : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।